




RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच








वर्ष- 14, अंक - 72 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 25 दिसंबर 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास खबर...



### अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर 'सदैव अटल' पहुंचे पीएम मोदी, राष्ट्रपति-उपराष्ट्रपति ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार सुबह ही उनके समाधि स्थल सदैव अटल पहुंचे। यहां पीएम ने भाजपा की नींव रखने वाले अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उनके साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

अटल जी की समाधि स्थल पर सबसे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उन्हें फूल चढ़ाए। इसके बाद बारी-बारी से केंद्रीय मंत्री अमित शाह, निर्मला सीतारमण, हरदीप पुरी ने उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# कोरोना पर छत्तीसगढ़ में अलर्ट: उपकरणों को परखने सभी जिलों में होगी मॉकड्रिल

## स्वास्थ्य सचिव ने जारी किए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** चीन सहित दुनियाभर में कोरोना के बीएफ.7 वेरिएंट ने कोहराम मचा रखा है। दुनियाभर में बढ़ते कोविड-19 के मामलों को देखते हुए भारत सरकार भी अलर्ट है और सभी राज्यों को गाइडलाइन जारी किया है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ सरकार भी कोरोना को लेकर एहतियात बरत रहा है। 27 दिसबंर को प्रदेश के सभी जिलों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य सचिव आर प्रसन्ना ने सभी जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी कर इसकी तैयारियों करने कहा है।

बता दें चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग में कोविड के नए वेरिएंट बीएफ.7 से करोड़ों लोग संक्रमित हुए हैं, और इसके खतरे को देखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार अलर्ट है। दरअसल छत्तीसगढ़ में 27 दिसंबर को जो मॉकड्रिल होने जा रहा है इसमें अस्पतालों की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। इसके तहत अस्पताल में मौजूद वेंटिलेटर, मल्टी पैरामॉनिटर, आक्सीजन कंसन्ट्रेटर जैसे जीवन रक्षक उपकरणों की जांच करके उनको एक्टिव किया जाएगा। मॉकड्रिल के दौरान जीवन रक्षक उपकरणों वेंटिलेटर, ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर को एक्टिव किया जाएगा। पीएसए प्लांट को चालू किया जाएगा। लिक्विड ऑक्सीजन और ऑक्सीजन सिलेंडर की उपलब्धता का परीक्षण किया जाएगा। ऑक्सीजन गैस पाइप लाइन की भी जांच की जाएगी। साथ ही यह भी देखा जाएगा कि चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टॉफ जीवन रक्षक उपकरण चलाने में सक्षम हैं यया नहीं। इसके अलावा आपात स्थिति में कोरोना से बचाव व मरीजों के इलाज की समूचित व्यवस्था को भी परखा जाएगी।

### टीकाकरण की गति बढ़ाने का भी निर्देश

राज्य सरकार ने कोविड संक्रमण से बचाव के लिए टीकाकरण की समीक्षा के भी निर्देश दिए हैं। यदि टीकाकरण की गति धीमी है तो उसे बढ़ाने का भी निर्देश दिया गया है। यही नहीं सरकार ने घर-घर जाकर टीकाकरण की समीक्षा के भी निर्देश दिए हैं। साथ की जिला अस्पतालों व स्वास्थ्य केन्द्रों में दवाओं को पर्याप्त स्टॉक रखने का भी निर्देश जारी किया गया ताकि आपात स्थिति में दवाओं की कमी न हो। साथ ही कोविड प्रोटोकॉल पर भी ध्यान देने का निर्देश दिया गया है।

### कोविन पोर्टल पर करनी होगी एंट्री

स्वास्थ्य सचिव आर प्रसन्ना द्वारा जारी पत्र से कोविड प्रोटोकॉल मैनेजमेंट के तहत मॉक ड्रिल करने कलेक्टरों को कहा गया है। मॉकड्रिल के बाद इसकी रिपोर्ट भी भारत सरकार के कोविन पोर्टल पर अपडेट करने का निर्देश दिया गया है। स्वास्थ्य सचिव ने अपने पत्र में कहा है कि छत्तीसगढ़ में कोविड नियंत्रण में है लेकिन इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता है। जिस प्रकार के हालात चीन सहित अन्य देशों में बन रहे हैं उसे देखते हुए अलर्ट पर रहना बेहद जरूरी है। खासकर जिला कलेक्टरों को यह सुनिश्चित करना है कि आपात स्थिति में हम पूरी तरह से तैयार हैं।

टीम इंडिया ने जीता मीरपुर टेस्ट

# श्रेयस-अश्विन ने तोड़ा बांग्लादेश का सपना



**मीरपुर (एजेंसी)।** हार कगार पर पहुंचने के बाद भारतीय टीम ने आखिरकर मीरपुर टेस्ट में जीत दर्ज कर ली है। चौथे दिन का खेल शुरू होने के बाद एक समय ऐसा लग रहा था कि बांग्लादेश आसानी से टेस्ट मैच जीत जाएगा लेकिन श्रेयस व अश्विन ने बांग्लादेश का सपना तोड़ दिया। आठवें विकेट के नाबाद साझेदारी कर टेस्ट मैच जीत के साथ ही सीरीज भी 2-0 से जीत लिया।

बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने मीरपुर टेस्ट में भी जीत हासिल कर ली है। मैच के चौथे दिन शुरुआत में ऐसा लगा कि भारत यह मैच हार भी सकता है, लेकिन श्रेयस अय्यर और रविचंद्रन अश्विन की साझेदारी ने टीम इंडिया की लाज बचाई और भारत यह मैच 3 विकेट से जीत गया। टीम इंडिया ने इसी के साथ 2-0 से सीरीज भी अपने नाम कर ली है। टीम इंडिया की इस जीत के हीरो रविचंद्रन अश्विन और श्रेयस अय्यर रहे। जिन्होंने संकट से टीम को निकाला और अंत में मैच भी जिताया।

मीरपुर टेस्ट में बांग्लादेश ने अपनी पहली पारी में 227 बनाए थे। इसके बाद भारतीय टीम भी कमाल नहीं कर पाई और 314 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। पहली पारी में भारत को 87 रनों की लीड मिली। इसके बाद बांग्लादेश को भारत ने दूसरी पारी में 231 रनों पर रोक लिया। इस प्रकार भारत को 145 रनों का लक्ष्य मिला। 145 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही भारतीय टीम तीसरे दिन के स्टंप्स तक 45 रनों पर 4 विकेट खो चुकी थी। टॉप ऑर्डर पूरी तरह से फेल हो गया। इसके बाद चौथे दिन शुरूआती सत्र में तीन और विकेट गिर गए। इसके बाद श्रेयस अय्यर व रविचंद्रन अश्विन ने भारत को कोई और झटका लगने नहीं दिया और नाबाद साझेदारी कर टीम को तीन विकेट से जीत दिला दी। श्रेयस अय्यर (29 रन), रविचंद्रन अश्विन (42 रन) के बीच 71 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई जो बांग्लादेश की हार का कारण बना।

## कांकेर में सीएएफ जवान ने प्रधान आरक्षक पर चला दी गोली, मौके पर मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कांकेर।** जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक ष्ट्स्न जवान ने प्रधान आरक्षक को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इतना ही नहीं आरोपी जवान ने एक और आरक्षक पर भी गोली चलाई है। यह घटना कांकेर PG कॉलेज की है। यहां एक सीएएफ जवान ने इस खौफ्नाक कांड को अंजाम दिया। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल को घेर लिया है। वहीं पुलिस ने आरोपी जवान को हिरासत में ले लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिले के पीजी कॉलेज में सीएएफ जवान पुरुषोत्तम कुमार ने प्रधान आरक्षक सुरेंद्र भगत की गोली मारकर हत्या कर दी है। प्रधान आरक्षक पर गोली चलाने के बाद उसने अन्य जवान बृजेश भारद्वाज पर भी गोली चलाई, लेकिन वह बाल-बाल बच गया। घटना की खबर लगते ही भारी संख्या में जवान मौके पर पहुंच गए। वहीं पुलिस के अधिकारी भी घटना स्थल पर पहुंचे।

आरोपी जवान की हरकत के बाद वहां पहुंचे जवान बुलेटप्रुफ जैकेट पहने रहे। बताया जा रहा है कि क्योंकि आरोपी जवान को हथियार के साथ पीजी कॉलेज में घूम रहा था। पुलिस ने पहले घेराबंदी की और उसके बाद आरोपी जवान को हिरासत में लिया। साथी जवानों ने बताया जवान पुरुषोत्तम कुमार पिछले कुछ दिनों से मानसिक तनाव में है और इस वजह से उसने इस घटना को अंजाम दिया है।

## पीएम मोदी ने की साल की आखिरी 'मन की बात' कोरोना को लेकर किया आगाह



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज इस वर्ष की अंतिम 'मन की बात' कर रहे हैं। माह के अंतिम रविवार को अपने मासिक रेडियो प्रसारण में उन्होंने आज क्रिसमस के मौके पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने देशवासियों से ईसा मसीह की सीख को याद रखने का आह्वान किया। उन्होंने स्तर कैंसर पर टाटा मेमोरियल की योग संबंधी रिसर्च, अटलजी और ऐतिहासिक हर घर तिरंगा अभियान का भी खासतौर से जिक्र किया। कोरोना के नए खतरे को देखते हुए पीएम मोदी ने देशवासियों को सावधान रहने को कहा।

पीएम ने संबोधन की शुरुआत करते हुए कहा, 'प्यारे देशवासियों, आज दुनियाभर में धूमधाम से क्रिसमस का त्योहार मनाया जा रहा है। ये ईसा मसीह के जीवन और उनकी सीख को याद करने का दिन है। मैं आप सभी को क्रिसमस की ढेर सारी शुभकामनाएं देता हूं।' पीएम मोदी ने कोरोना के नए खतरे को देखते हुए कहा, 'हम देख रहे हैं कि दुनिया के कई देशों में कोविड के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में हमें सावधान रहने और मास्क पहनने और हाथ धोने की जरूरत है।

### पूर्व प्रधानमंत्री को किया याद

पीएम मोदी ने पूर्व पीएम अटलजी को याद करते हुए कहा, 'आज हम सभी के श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिन है। वे एक महान राजनेता थे, जिन्होंने देश को असाधारण नेतृत्व दिया। हर भारतवासी के हृदय में उनके लिए एक खास स्थान है।

### महान फुटबॉलर पेले की हालत नाजुक, अस्पताल पहुंचने लगे परिजन, बेटे ने शेयर की तस्वीर

**साओ पाउलो (एजेंसी)।** कैंसर से जूझ रहे ब्राजील के महान फुटबॉल पेले की हालत में सुधार नहीं है। वह साओ पाउलो के अस्पताल में भर्ती है। पेले ने क्रिसमस का त्योहार यहीं सेलिब्रेट किया है। उनके स्वास्थ्य को देखते हुए परिजन अस्पताल पहुंचने लगे हैं। पेले के स्वास्थ्य में लगातार गिरावट हो रही है जिससे उनकी किडनी और हृदय पर असर पड़ा है। अस्पताल के मुताबिक, 82 वर्षीय फुटबॉलर को विशेष देखरेख में रखा गया है। उनके किडनी और गुर्दे प्रभावित हुए हैं। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के अनुसार, पेले के बेटे एडसन चोल्बी नैसिमेंटो शनिवार को अस्पताल पहुंचे। उन्हें एडिन्हो के नाम से जाना जाता है। पेले की बेटी केली नैसिमेंटो भी अस्पताल में ही हैं। एडिन्हो ने इंस्टाग्राम पर एक भावुक पोस्ट की है, जिसमें उन्होंने लिखा, ''पापा... मेरी ताकत आप हैं।''

## अनियंत्रित होकर नाले में गिरी कार, चार की मौत, एक गंभीर




**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ के बख्शी का तालाब के सैरपुर थाना क्षेत्र के नरहरपुर गांव के पास रविवार की सुबह लगभग 6:30 बजे पीआरबी को 112 कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना मिली कि एक कार नाले में गिर गई है। मौके पर सैरपुर पुलिस ने पहुंचकर नाले से कार में फंसे पांच लोगो को बाहर निकाला। सभी घायलों को पास के कैरियर हॉस्पिटल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया । बाकी एक घायल को इलाज के लिए ट्रामा भेजा गया। चारों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए गए हैं। प्रभारी निरीक्षक शेरपुर ने बताया की रविवार की सुबह लगभग 6:30 बजे नरहरपुर गांव के पास कार नाले में गिरे होने की सूचना पीआरवी के द्वारा मिली।

### बिना बुलाए शादी में जा पहुंचा विदेशी कपल

**आगरा (एजेंसी)।** आगरा पहुंचे एक विदेशी कपल को यहां की एक शादी में शामिल होने की इतनी इच्छा हुई कि बिना इन्विटेशन के ही वे लोग एक बारात में शामिल हो गए। शादी में शामिल होने के लिए उन्होंने खास मेकअप करवाया। उन्होंने बारातियों के साथ डांस किया। फिर जयमाला देखा और खाने का भी खूब लुत्फ उठाया। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसका वीडियो भी शेयर किया है, जो लोगों को खूब पसंद आ रहा है। यूरोपियन देश के रहनेवाले फिलिप मिक और मोनिका चेरवेनकोवा एक अनजान शख्स की शादी में शामिल हो गए. वीडियो की शुरुआत में उन्होंने बताया कि वे दोनों मानसी और अमन की शादी में शामिल होने जा रहे हैं।

## छुट्टी पर घर पहुंचे डीआरजी जवान पर नक्सलियों ने किया जानलेवा हमला, इलाज के दौरान दम तोड़ा

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बीजापुर।** छुट्टी पर पहुंचे डीआरजी जवान पर जानलेवा हमला हुआ है। घटना बीजापुर जिले के मिरतुर थाना क्षेत्र का है। घायल जवान को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है नक्सलियों ने जान लेने के इरादे से जवान पर कई वार किए जिससे वह बेसुध होकर गिर गया। नक्सली उसे मरा समझकर भाग गए लेकिन वह जिंदा था। इसके बाद उसे डिमरापाल के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार घायल जवान का नाम आशाराम कड़ती है। राजनांदगांव जिले पदस्थ आशाराम छुट्टी मिलने पर अपने गृहग्राम मिरतुर पहुंचा था। नक्सलियों को जवान के घर पहुंचने की सूचना मिली थी। शनिवार देर रात कुछ नक्सली आशाराम के घर पहुंचे और उसे घर से बाहर निकाला। इसके बाद धारदार हथियार से जवान के शरीर पर कई वार किए जिससे वह बेहोश होकर नीचे गिर गया। नक्सली जवान को मरा समझकर वहां से भाग गए। इसके बाद गांववालों ने जवान को नेलसनार अस्पताल पहुंचाया। जवान की गंभीर हालत को देखते हुए उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

# बढ़ता जा रहा खतरा, नए कोरोना केसों का डेटा बंद, ICU-मुर्दाघरों में भीड़



**बीजिंग (एजेंसी)।** दुनियाभर में कोरोना की एक और लहर का खतरा बढ़ता जा रहा है। खासकर चीन में इस वायरस की वजह से लगातार बढ़ते केसों ने सभी की चिंता बढ़ा दी है। एक दिन पहले ही खुलासा हुआ था कि चीन में एक दिन में कोरोना के 3.7 करोड़ केस मिले हैं, जो कि दुनिया में किसी भी देश में संक्रमितों का रिकॉर्ड रहा। इस डर की स्थिति के बीच अब चीन ने रोजाना कोरोना केसों और मौतों के डेटा को प्रकाशित नहीं करने का फैसला किया है।

### पांच पॉइंट्स में कोरोना से चीन के ताजा हालात...

- चीन सरकार पहले से ही कोरोना के नए केसों और मौतों की जानकारी को छिपाने का प्रयास कर रही है। वह इसके लिए इंटरनेट से लेकर अखबारों तक में सेंसर पॉलिसी को लागू कर चुकी है। इस बीच अब चीन के स्वास्थ्य आयोग की तरफ से कोविड डेटा न दिए जाने से पूरी दुनिया के लिए बड़ा खतरा पैदा हो सकता है। दरअसल, इस डेटा के आधार पर ही अलग-अलग देश चीन के साथ फ्लाइट्स की आवाजाही और सतर्कता को लेकर फैसले करते हैं।
- इस दौरान चीन का सीडीसी सिर्फ वही डेटा जारी करेगा, जिसे प्रकाशित किया जाना जरूरी होगा। हालांकि, ताजा डेटा में क्या होगा, इसे लेकर एनएचसी ने कोई बयान जारी नहीं किया है। हालांकि, मजेदार बात यह है कि चीन से अब तक बाहर आ रहा डेटा भी भरोसेमंद नहीं रहा है। दरअसल, चीन में करोड़ों केसों के बावजूद उसकी तरफसे संक्रमण और मौतों के सही आंकड़े जारी नहीं किए गए हैं।
- 22 दिसंबर को ही एनएचसी ने बताया था कि देश में कोरोना से कोई भी नई मौत नहीं हुई है। इस दिन चीन में केसों की संख्या भी सिर्फ 3,761 ही बताई गई थी। उधर 21 दिसंबर को चीन में 3030 केस और किसी की भी जान न जाने की बात कही गई थी। चीन सरकार मौजूदा समय में सिर्फ उन्हीं लोगों की मौत को कोरोना से मान रही है, जिन्हें सांस संबंधी दिक्कत या निमोनिया हुआ हो।
- रिपोर्ट्स की मानें तो चीन में अब तक 24 करोड़ 80 लाख लोगों को कोरोना होने की बात सामने आई है। कहा जा रहा है कि चीन की 17.56 फीसदी आबादी पहले 20 दिन में ही वायरस से संक्रमित हो चुकी है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग की इस लीक रिपोर्ट के मुताबिक, चीन में मंगलवार को रिकॉर्ड 3 करोड़ 70 लाख लोग संक्रमित पाए गए थे।
- चीन से ऐसी तस्वीरों-वीडियोज का सामने आना जारी है, जिनमें अस्पतालों के बाहर भारी भीड़ देखी जा सकती है। चीनी मीडिया संस्थान ग्लोबल टाइम्स ने अपने एक लेख में आईसीयू में भारी भीड़ की बात कही है। हालांकि, इसे लेकर ज्यादा जानकारी जारी नहीं की गई है।




## संपादकीय

# कश्मीर में प्रदूषण: चिंता तो गहरी है

भारत के प्रदूषित शहरों की तुलना में साफ एवं स्वच्छ शहरों की चर्चा होती है तो बरबस ही लोगों की जुबान पर पहाड़ी क्षेत्रों के राज्यों के नाम आ जाते हैं। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पूर्वोत्तर के राज्य या दक्षिणी भारत राज्यों के शहरों का नाम प्रमुखता से लिए जाते हैं। इनमें भी नदी, पहाड़, जंगल और बर्फीली वादियों की अनुपम छटाओं के कारण कश्मीर को तो भारत का स्वर्ग कहा जाता है। मगर इस स्वर्ग में भी प्रदूषण के कारण नारकीय स्थिति बनना शुरू हो जाए तो कितनी अचंभे वाली बात है। जी हां, देश के अन्य प्रदूषित शहरों की तुलना में जम्मू-कश्मीर राज्य पीछे नहीं है। जानकारी के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में प्रदूषण से हर साल करीब 10 हजार लोग अपनी जान गंवा रहे हैं यानी कश्मीर में अब जहरीली हवा चलने लगी है। यहां श्रीनगर जैसे शहर का एक्यूआई स्तर 150 से ज्यादा होने लगी है। ऐसा माना जा रहा है कि यहां प्रदूषण आतंकवाद से भी ज्यादा खतरनाक हो गया है। आंकड़े बताते हैं कि इस साल आतंकवाद की वजह से करीब 250 लोगों की मौत हुई जबकि प्रदूषण ने 10 हजार लोगों की जान ले ली। यह दावा वहां के सबसे बड़े अस्पताल शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान ने किया है। संस्थान के विशेषज्ञों के मुताबिक वहां की हवा में पार्टकुिलेट मैटर 2.5 होने की वजह से ये मौतें हो रही हैं। सोचने वाली बात तो यह है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी 2018 में श्रीनगर को दुनिया के 10 में सबसे प्रदूषित शहर के रूप में घोषित किया था। ज्ञात हो कि 108 देशों और 4300 शहरों में सर्वे किए जाने के बाद यह घोषणा की गई थी। यदि अन्य कारणों पर गौर किया जाए तो यहां की घाटी में सर्दियों के दौरान खूब लकड़ियां जलाई जाती हैं। दूरदराज के इलाकों में बिजली और गैस की सुविधा नहीं हैं। कश्मीर में करीब 20 लाख पेट्रोल-डीजल वाहन हैं, और 24 प्रतिशत घरों में चौपहिया वाहन हैं, जो केरल के बाद सबसे ज्यादा हैं। जबकि उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों में अभी भी मात्र 7 प्रतिशत से अधिक चौपहिया वाहन नहीं हैं। कश्मीर में सेब, अखरोट, बादाम समेत करोड़ों की संख्या में फलदार पेड़ हैं। फसल उतारने के बाद इनके पत्तों को यहां पराली की तरह जला दिया जाता है। इसी तरह हर साल वहां 1246 टन कोयला जलता है जो वार्षिक उत्सर्जन का 84त्न है। इसके अलावा ईट भट्टे और सीमेंट की फैक्ट्री भी संचालित होती हैं। जम्मू-कश्मीर हिमालय पर्वत श्रृंखला के सबसे ऊंचे हिस्सों में स्थित है। कश्मीर और लद्दाख का इलाका अपनी विशिष्ट संस्कृति के लिए जाना जाता है। कश्मीर की संस्कृति की झलक इतिहास प्रसिद्ध कल्हण जैसे लेखकों की कलम से भी उकेरा गया। मुगल बादशाह तो यहां कि खुबसुरती से इस कदर प्रभावित थे कि उन्होने इस पूरे क्षेत्र को धरती पर स्वर्ग की उपमा दे डाली दी। आज हर कोई इसे धरती पर स्वर्ग कहने से गुरेज नहीं करता। अपने प्राकृतिक सौंदर्य के कारण ही कश्मीर को धरती का स्वर्ग कहा गया है। इसे स्विट्जरलैंड की तुलना में भारत का स्वर्ग कहते हैं। मगर मौजूदा दौर में पर्यावरण प्रदूषण का विषय यहां की सबसे बड़ी चिंता बनकर उभरा है। हालांकि सरकारी-गैर सरकारी स्तरों पर कई उपाय किए जा रहे हैं। मगर इंसानी करतूत इस दूरगामी परिणाम को नहीं समझ पा रहा और गलती पर गलती करता जा रहा है। अगर समय रहते इसका ठीक से निवारण नहीं हुआ तो एक दिन यह हमारे अस्तित्व के लिए ही खतरा बन जाएगा। कल-कारखानों का धुआं, नदियों में कचरा बहाना, प्लास्टिक के कचरे का निस्तारण न होना या दिवाली में पटाखे जलाना हमें खतरे में डाल रहे हैं यानी जल, थल और वायु के प्रदूषण से यहां हम कितने सेहतमंद हैं, इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है। पर्यावरण बचाना आज दुनिया भर के लिए एक गंभीर मुद्दा है। भारत के सबसे अधिक प्रदूषित शहरों की बात करें तो दिल्ली-एनसीआर यानी नोएडा, गाजियाबाद, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, कैथल, गुरुग्राम आदि प्रमुख हैं। इसके साथ ही बेगूसराय, ग्वालियर और कानपुर जैसे शहरों का नाम भी प्रदूषित शहरों में अव्वल है, परंतु वहीं केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक इंदौर, सूरत, नवी मुंबई, अंबिकापुर, मैसूर, विजयवाड़ा, अहमदाबाद, नई दिल्ली, चंद्रपुर, खरगोन, राजकोट, तिरु पति, जमशेदपुर, भोपाल, गांधीनगर, चंडीगढ़, बिलासपुर, उज्जैन, नासिक और रायगढ़ आदि को स्वच्छ शहरों की श्रेणी में गिना जाता है। चिंता इस बात की है कि यहां भी प्रदूषण की समस्याएं कम नहीं। अगर इस गंभीर चिंता पर समय से विचार नहीं किया गया तो हमारे जीवन के लिए यह और भी दुखदायी हो सकता है।

> कश्मीर में सेब, अखरोट, बादाम समेत करोड़ों की संख्या में फलदार पेड़ हैं। फसल उतारने के बाद इनके पत्तों को यहां पराली की तरह जला दिया जाता है। इसी तरह हर साल वहां 1246 टन कोयला जलता है जो वार्षिक उत्सर्जन का 84त्न है। इसके अलावा ईट भट्टे और सीमेंट की फैक्ट्री भी संचालित होती हैं। जम्मू-कश्मीर हिमालय पर्वत श्रृंखला के सबसे ऊंचे हिस्सों में स्थित है।

## फिर 'आपदा' में 'अवसर'

शासन सिर्फ शक्ति से संचालित नहीं होता। बल्कि उसकी साख भी एक बड़ी चीज होती है। 'भेड़िया आया' वाली कहानी इस सिलसिले में सबको याद रखनी चाहिए। इसलिए कि ऐसा ना हो कि जब सचमुच भेड़िया आए, तब भी ऐसे शोर पर लोग यकीन ही ना करें। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया आदि देशों में कोरोना संक्रमण की आई लहर को देखते हुए ऐसा लगता है कि भारत सरकार ने 'आपदा' में 'अवसर' की अपनी रणनीति को फिर याद किया है। 2020 में कोरोना संक्रमण आते ही सरकार ने नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ चल रहे मशहूर शाहीनबाग आंदोलन से मुक्ति पा ली थी। अब निशाने पर कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा है। वरना, अभी जबकि सरकार ने कोई आम अनिवार्य एडवाइजरी जारी नहीं की है। कहीं भी मास्क पहनना या सोशल डिस्टेंसिंग को जरूरी नहीं बनाया गया है। लेकिन एक भाजपा सांसद की शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री ने यह जरूरी समझा कि राहुल गांधी और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिख कर कोरोना के खतरे से आगाह किया जाए। पत्र में कहा गया कि या तो यात्रा के दौरान कोरोना नियमों का पालन किया जाए या फिर यात्रा रोक दी जाए। अगर कोरोना लहर का खतरा वास्तविक है, तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह ऐसे परामर्श या आदेश जारी करे। लेकिन अगर ऐसे पत्र सिर्फ सत्ताधारी समूह के लिए असहजता पैदा कर रही किसी राजनीतिक गतिविधि को भेजा जाएगा, तो उस पर जरूर सवाल उठाए जाएंगे। इसके पहले बच्चों के कथित राजनीतिक उपयोग का आरोप लगाते हुए भी संबंधित सरकारी संस्थान ने भारत जोड़ो यात्रा पर शिकंजा कसने की कोशिश की थी। अलग-अलग मसलों पर जो सियासी विवाद खड़े किए गए, वो तो अलग ही हैं। बहरहाल, सरकार, मंत्रियों और उसकी संस्थाओं को यह अवश्य समझना चाहिए कि ऐसे एकतरफा और राजनीति से प्रेरित महसूस होने वाली उनकी कार्रवाइयों से खुद ही उनकी ही साख कमजोर होती है। उससे सत्ताधारी समूह की समर्थक जमातों में जरूर उत्साह पैदा होता होगा, लेकिन समाज के अन्य हिस्सों में आक्रोश भरी प्रतिक्रिया होती है। यह भी समझने की बात है कि शासन सिर्फ शक्ति से संचालित नहीं होता। बल्कि उसकी साख और प्रतिष्ठा भी एक बड़ी चीज होती है। 'भेड़िया आया' वाली कहानी इस सिलसिले में सबको याद रखनी चाहिए। इसलिए कि ऐसा ना हो कि जब सचमुच भेड़िया आए, तब भी ऐसे शोर पर लोग यकीन ही ना करें।

> "कहने-सुनने को और भी बहुत कुछ है, पर इतने शब्दों में सब कुछ बखान कर देना संभव नहीं, इसीलिए मैंने सिर्फ प्रमुखतम मुद्दों की ओर आपका ध्यान आकर्षित किया। उम्मीद है, नया साल भरोसे की नई रोशनी लेकर आएगा।

शशि शेखर

# 2022 कुछ अंधेरे, कुछ उजाले




बाइबिल कहती है- 'यदि कोई व्यक्ति दावा करता है कि वह दिव्य प्रकाश में जी रहा है, और अपने भाई या बहन से नफरत करता है, तो वह दरअसल अंधेरे में है... नहीं जानता कि वह कहां जा रहा है, क्योंकि अंधकार ने उसे अंधा कर रखा है।' आज क्रिसमस है और चर्चा की शुरुआत के लिए बाइबिल के इस उद्धरण से बेहतर कुछ नहीं हो सकता।

अंधेरा, अलगाव और असहिष्णुता वक्त के इस दौर की पहचान बन चुके हैं। भरोसा न हो, तो देश की सबसे बड़ी पंचायत के शीतकालीन सत्र पर गौर फरमा देखिए। हमारे माननीय सांसद चीन के मुद्दे पर किस अंदाज में उलझे हुए थे! संसद से बाहर हुकूमत करने वाली पार्टी हो या सबसे बड़े विरोधी दल के नेता, अभी तक एक-दूसरे को चीन का सहयोगी साबित करने में जुटे हैं। इसी रवैये ने हमें सदियों गुलाम बनाए रखा। एक विदेशी ताकत पिछले साठ सालों से हमारी सार्वभौमिकता पर लालची दृष्टि डाले हुए है और हम एकजुट होने के बजाय तू-तू, मैं-मैं कर रहे हैं! इससे चीन कितना खुश होता होगा।

इस साल की शुरुआत ही नफ्रत से हुई थी। कोरोना की महाबला से हम अभी उबरे न थे कि रूस ने यूक्रेन पर हमला बोल दिया। गुजरे तीन दशकों से युद्ध बीते दिनों की दास्तां बने हुए थे। वे समूची भयावहता के साथ लौट आए हैं।

कोविड-19 के आक्रमण से साल 2022 के खात्मे तक का वक्त बहुत सी उपलब्धियों को धूल-धूसरित करने वाला साबित हुआ है। 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद ऐसा लगने लगा था, जैसे समूची दुनिया एक गांव में तब्दील हो गई है। अगले तीस सालों में गरीबी उन्मूलन के लिए जो काम हुआ, वह इंसानियत के तीन हजार वर्षों से ज्यादा था। अकेले भारत में इस दौरान 40 करोड़ से अधिक लोग निर्धनता की रेखा से ऊपर उठाए गए थे। बाजार की अर्थव्यवस्था ने इस बीच प्राकृतिक दूरियों पर काबू पा लिया था। एक उदाहरण देता हूं। भारत में बना कपड़ा बांग्लादेश के बाजारों में सिला जाता। चीन से आए बटन या जिप उन्हें संपूर्ण करते और यूरोप-अमेरिका के लोग उन्हें धारण किया करते। राष्ट्रीयताओं के सरोकार इन दिनों व्यापक हो गए थे। कोरोना ने तेजी से दौड़ते इस रथ को उल्टी दिशा में दौड़ने के लिए मजबूर कर दिया है।

इस दौरान समूचे विश्व की आपूर्ति श्रृंखला के बाधित होने से दुनिया के बाजारों पर तरह-तरह के संकट मंडराने लगे। कहीं दवाओं की किल्लत थी, तो कहीं कपड़े नदारद। 'ग्लोबल विलेज' की अवधारणा के लिए यह सांघातिक समय साबित हुआ। महामारी के भय से सिर्फ देशों ने नहीं, बल्कि राज्यों, जनपदों और यहां तक कि गांवों ने अपनी सीमाएं बंद कर लीं। नतीजतन, गरीबी उन्मूलन के सारे प्रयास जमींदोज हो गए। जितने लोग निर्धनता की रेखा से ऊपर उठे थे, उससे कहीं ज्यादा फिर से दारिद्रय की गोद में जा बैठने को विवश हुए। पिछले कुछ दिनों से चीन में बरपी कयामत और अमेरिका सहित तमाम मुल्कों में कोरोना के बढ़ते मरीजों ने महामारी जनित विनाश की वापसी की मुनादी शुरू कर दी है। यह साल आगत वर्ष को भय व भुखमरी के नए खतरों की सौगात देकर विदा हो रहा है।

नतीजतन, पहले से पसरती आर्थिक असमानता ने नए शिखर छूने शुरू कर दिए हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध इस त्रासदी को अगले मुकाम पर पहुंचाने वाला साबित हुआ है। ये दोनों देश संसार की कुल गेहूं आपूर्ति में 30 प्रतिशत और खाद्य तेलों में लगभग 60 फीसदी की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी रखते हैं। यही नहीं, रूस यूरोप को ईंधन और ऊर्जा निर्यात करता है। मास्को ने जब हाथ खींचने शुरू किए, तो पहले से डगमगाता यूरोप भीषण मंदी की चपेट में आ गया। इटली में सत्ता-परिवर्तन हो गया और ब्रिटेन में दो प्रधानमंत्रियों को कुरसी गंवानी पड़ी। चार दशकों का रिकॉर्ड तोड़ने वाली महंगाई के बीच ऋषि सुनक ने वहां प्रधानमंत्री का पदभार संभाला। उनकी सत्तानशीनी से भारत में एक तबका मगन है। इससे भारत को क्या लाभ होगा, जवाब अगले साल मिलेगा। युद्ध और टकराव ने इस वर्ष नफरतों के नए बीज बो दिए हैं।

हमने इस साल अपने देश में भी इसका नंगा नाच देखा। 26 मई को 'टीवी डिबेट' के दौरान भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा की टिप्पणी ने देश-विदेश के प्रतिक्रियावादियों को मौका दे दिया। इस्लामी मुल्कों ने कूटनीतिक विरोध जताया, तो देश के दस राज्यों में तनाव फैल गया। राजस्थान और महाराष्ट्र में दो व्यक्तियों की हत्या ने सोचने पर विवश किया कि हम आगे बढ़ रहे हैं या मध्ययुग की ओर लौट रहे हैं?

गुजरते साल में एक और आत्मघाती प्रवृत्ति देखने को मिली। सोशल मीडिया में कुछ ऐसा माहौल बनाया जा रहा है, जैसे हम उबलते हुए लोग हैं। आए दिन किसी रंग, शब्द या उपक्रम को लेकर प्याली में तूफान उठ खड़ा होता है। शाहरुख खान की फिल्म पठान पर जारी विवाद इसका ताजातरीन उदाहरण है। इससे पहले तमाम फिल्मों, किताबों, लेखों और लेखकों के साथ यही क्रूर बर्ताव हुआ था। ऐसा नहीं है कि किसी वर्ग-विशेष के लोग ही इसका शिकार बन रहे हैं। कुछ सप्ताह पहले रणवीर कपूर और उनकी गर्भवती पत्नी को उज्जैन से बैरंग लौटना पड़ा था। वे वहां महाकाल के सम्मुख शीश झुकाने गए थे।

इस घृणा से जूझने के लिए साल के उत्तरार्द्ध में कुछ मुस्लिम बुद्धिजीवियों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के साथ प्रशंसनीय पहल की। दुर्भाग्यवश ऐसे सकारात्मक कदम देर में असर डालते हैं, जबकि सोशल मीडिया के अज्ञात 'सुपारी किलर्स' विचार की गति से प्रवाद फैलाते हैं। हमें वर्ष 2023 में नफ्रत और नकारात्मकता के इस सुनियोजित व्यवसाय से जूझना होगा।

इस वर्ष बिरजू महाराज, लता मंगेशकर, बप्पी लाहिड़ी, राहुल बजाज, शिव कुमार शर्मा, राकेश झुनझुनवाला, साइरस मिस्त्री, स्वरूपानंद सरस्वती, राजू श्रीवास्तव, मुलायम सिंह यादव जैसी नामचीन हस्तियों ने इस दुनिया से विदाई दर्ज कराई। ऐसी रुखसती लंबे समय के लिए खालीपन छोड़ जाती है। वे याद आते रहेंगे। इन झटकों के बावजूद 2022 में कुछ भली खबरें भी आईं। भारत को जी-20 की कप्तानी मिली और वैश्विक आर्थिक संगठनों ने इस वित्तीय वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। हम इस वर्ष 6.9 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल कर सकते हैं। जब समूची दुनिया डगमगा रही है, तब हिन्दुस्तानी सधे हुए कदमों से आगे बढ़ रहे हैं। आप चाहें, तो हुकूमत और हुक्मरान को बधाई दे सकते हैं।

विज्ञान ने हमें हथियार थमाए, तो कई नेमतें भी सौंपी हैं। कोरोना काल में जितनी जल्दी टीकों का आविष्कार हुआ, वह उम्मीद जगाता है। इसी तरह, 'आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस' के क्षेत्र में 'चैटजीपीटी' जैसे आविष्कार शिक्षा, पत्रकारिता आदि क्षेत्रों में युगांतरकारी साबित होंगे। यहां मेसी और विश्व कप फुटबॉल की बात न करूं, तो नाइंसाफी होगी। मेसी जैसे लोग मोहब्बत और भाईचारे को बढ़ाते हैं। हमें हिन्दुस्तान के विभिन्न हिस्सों में ऐसे नायक गढ़ने होंगे।

## अर्थव्यवस्था में क्या सुधार हो रहा है?

भारत में अर्थव्यवस्था को लेकर सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाले कुछ मानकों पर भारत की स्थिति सुधर रही है। हालांकि इसे भारतीय अर्थव्यवस्था का टर्नअराउंड नहीं कहा जा सकता है लेकिन जिन बातों को लेकर सरकार आलोचना के घेरे में थी, उनमें से ज्यादातर में सुधार दिख रह है। सबसे बड़ा सुधार महंगाई के मोर्चे पर हुआ है। फल, सब्जियों और खाने पीने की चीजों के दाम कम होने से खुदरा और थोक महंगाई दर दोनों में कमी आई है। थोक महंगाई करीब एक साल के सबसे निचले स्तर पर है तो खुदरा महंगाई भी इस वित्त वर्ष में पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से तय छह फीसदी की अधिकतम सीमा के नीचे पहुंची है। थोक और खुदरा महंगाई दोनों छह फीसदी से नीचे आ गए हैं।

सरकार की दूसरी आलोचना विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आने को लेकर हो रही थी। इस साल के शुरू में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 633 अरब डॉलर था, जिससे घट कर 531 अरब डॉलर तक आ गया था। यानी एक सौ अरब डॉलर से ज्यादा की कमी आई थी। पर अब धीरे धीरे इसमें बढ़ोतरी हो रही है। पिछले लगातार पांच हफ्ते से इसमें बढ़ोतरी हुई है और पिछले हफ्ते यह बढ़ कर 561 अरब डॉलर पहुंच गया। रिजर्व बैंक रुपए की कीमत नियंत्रित करने के लिए अपने रिजर्व से डॉलर निकाल रही थी। अब यह ट्रेंड उलट गया और फिर भी रुपए की कीमत लगभग स्थिर है। यह आलोचना का तीसरा बिंदु था। हालांकि अब भी एक डॉलर की कीमत 82 रुपए से ऊपर है लेकिन नवंबर में जब इसकी कीमत 83 से ऊपर गई थी तो इसके 85 से ऊपर जाने की बात हो रही थी, जो अब थम गई है। विदेशी संस्थागत निवेशकों के शेयर बाजार से निकलने का ट्रेंड भी अब थम गया है और उन्होंने फिर निवेश शुरू किया है। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती के अनुमान के बाद यह ट्रेंड बदलता दिख रहा है।

# वैश्विक संघर्षों में कमी, कार्बनीकरण में कमी, विकास और डिजिटलीकरण से जुड़े 4डी के जरिये समाधान




पिछले पखवाड़े में, जब से भारत ने जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण की है, दुनिया ने भारतीय अतिथि सत्कार के सार को अतिथि देवो भव: की उक्ति में निहित देखा है- अतिथि, भगवान स्वरुप होते हैं। साझा भविष्य की दृष्टि के साथ, भारत जी-20 की अध्यक्षता वाले वर्ष को एक अवसर के रूप में देखता है। सदी में एक बार होने वाली विघटनकारी वैश्विक महामारी, वैश्विक संघर्षों, आसन्न जलवायु संकट और आर्थिक अनिश्चितता के बाद के प्रभावों के साथ, दुनिया वर्तमान में अभूतपूर्व चुनौतियों का सामना कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में, अधिकांश वैश्विक ताकतें, कोविड-19 महामारी के दौरान लोगों की रक्षा करने और उनकी आजीविका को संरक्षित करने पर केंद्रित रहीं हैं। हालांकि, इनमें से कई अनिश्चिततां आज भी विद्यमान हैं। भारत की अध्यक्षता दुनिया को 4डी पर ध्यान केंद्रित करने का अवसर देती है, ताकि संघर्षों को कम किया जा सके, त्वरित, न्यायसंगत और समावेशी विकास के लिए तेजी से डिजिटलीकरण हो सके तथा जलवायु संकट से मुकाबले के लिए कार्बनीकरण में कमी लाने को ध्यान में रखते हुए युक्तिसंगत रूपरेखा को अंतिम रूप देने के लिए प्रयास किया जा सके।

सितंबर में शंघाई सहयोग संगठन शिखर सम्मेलन के दौरान अपने रूसी समकक्ष के साथ हुई बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के वक्तव्य आज का युग, युद्ध का नहीं होना चाहिए की प्रतिध्वनि दुनिया भर में सुनायी दी। यह रूस-यूक्रेन संघर्ष पर जी-20 की संयुक्त घोषणा का आधार वाक्य भी बना। जी-20, वैश्विक संघर्षों को कम करने के लिए समर्थन जारी रखने का अवसर भी प्रदान करता है।

विभिन्न देशों के साथ सहयोग और नियम-आधारित बहुपक्षवाद को बढ़ावा देना भारत की विदेश और आर्थिक नीति के मौलिक सिद्धांत रहे हैं। भारत कई बहुपक्षीय संगठनों का सदस्य है और इनमें से प्रत्येक ने दुनिया को एक सुरक्षित और अधिक संरक्षित स्थान बनाने में रचनात्मक भूमिका निभाई है। भारत विकासशील देशों की चिंताओं को मुखर समर्थन देने और यह सुनिश्चित करने में भी सक्षम रहा है कि उनके हितों की रक्षा की जानी चाहिए। जी-20 की अध्यक्षता, भारत को उन बड़े शक्तिशाली राष्ट्रों, जिनमें वह भी एक है और छोटे, विकासशील राष्ट्र, जो उस पर भरोसा करते हैं, के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करने का अवसर भी प्रदान करती है।

2005 और 2021 के बीच, भारत 415 मिलियन लोगों को बहुपक्षीय गरीबी से बाहर निकालने में सफल रहा है। पिछले 8 वर्षों में, हमने प्रौद्योगिकी के उपयोग और विशेष रूप से डिजिटलीकरण के माध्यम से गरीबी उन्मूलन से जुड़े कार्यों में तेजी देखी है। 2014 में, भारत ने सरकार के नेतृत्व में एक अभियान की शुरुआत की, जिसके तहत बैंकिंग प्रणाली से बाहर रहे गरीबों और वंचितों के लगभग 500 मिलियन बैंक खाते खोले गए, जिनमें 260 मिलियन महिलाएं शामिल थीं। भारत की डिजिटल पहचान प्रणाली - आधार और एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (यूपीआई) के जरिये, व्यक्तिगत स्तर पर नए तौर-तरीकों के साथ, जनकल्याण से जुड़े धन अंतरण के लक्ष्य पूरे किए गए हैं। 1980 के दशक में एक पूर्व प्रधानमंत्री ने टिप्पणी की थी कि अंतिम लाभार्थी तक केवल 15 प्रतिशत (1 रुपये में 15 पैसे) ही पहुंच पाता है। 2020 में, जब दुनिया वैश्विक महामारी से जूझ रही थी, भारत महत्वपूर्ण लक्षित नकद अंतरण के माध्यम से सर्वाधिक गरीब लोगों की आजीविका को सुरक्षित करने में सक्षम रहा।

आज भारत की जनसंख्या के विशाल पैमाने पर उपलब्ध पहचान प्रणाली और वास्तविक समय पर भुगतान प्रणाली से जुड़ी विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, शेष दुनिया के लिए एक मॉडल है। कोविड-19 संकट के दौरान भी, वैक्सीन प्लेटफॉर्म - कोविन - ने भारत को अपने टीकाकरण प्रयासों को विस्तार देने और 2 बिलियन से अधिक खुराकें देने में बहुत सहायता की। विकसित और विकासशील दुनिया इन प्रणालियों का अनुकरण कर सकतीं हैं तथा भारत को अपने अनुभव और सीख को बाकी दुनिया के साथ साझा करने में खुशी होगी।

जैसे-जैसे भारतीय अर्थव्यवस्था विकसित होगी और भारत के लोग अधिक समृद्ध होते जायेंगे, भारत की ऊर्जा संबंधी जरूरतें भी बढ़ेंगी। वर्ष 2015 में, पेरिस में हुए कॉप-21 शिखर सम्मेलन में, भारत ने 2030 तक अपने कुल बिजली उत्पादन का 40 प्रतिशत हिस्सा गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से हासिल करने का वादा किया था। इस लक्ष्य को लगभग एक दशक पहले ही नवंबर 2021 में हासिल कर लिया गया। भारत ने दुनिया के सामने इस बात का उदाहरण पेश किया है कि विकास का एजेंडा और पर्यावरण रक्षा की कवायद बिना किसी बाधा के एक-दूसरे के साथ-साथ चल सकते हैं।

भारत ने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) जैसी बहुपक्षीय पहल को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अक्सर जलवायु न्याय- अलग-अलग जिम्मेदारियों के साथ एक ऐसा न्यायसंगत ढांचा जहां विकसित देश जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी में बदलाव की प्रक्रिया की अगुवाई करें- के माध्यम से जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के बारे में बात की है। भारत के पास इस वार्ता को जी-20 में जारी रखने और यह सुनिश्चित करने की विश्वसनीयता हासिल है कि इन अलग-अलग जिम्मेदारियों का पालन हो।

भारत ने अपने विचारों और ज्ञान को दुनिया के भौगोलिक और सांस्कृतिक विभाजनों के परे जाकर मुक्त रूप से साझा किया है। जी-20 में भारत की अध्यक्षता का विषय एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य महा उपनिषद के संस्कृत वाक्यांश वसुधैव कुटुम्बकम- समूचा विश्व एक परिवार है- से प्रेरित है। यह विषय न केवल हमारे प्राचीन दर्शन को प्रतिध्वनित करता है बल्कि उत्तरदायित्व, कार्रवाई और समृद्धि के लिए एक संयुक्त आह्वान की राह भी निर्धारित करता है। भारत की 20,000 भाषाओं और विविध संस्कृतियों में, एक साझा वैश्विक भविष्य और आपस में जुड़ी एक विश्व व्यवस्था का विचार एक आम विषय है। छठी शताब्दी ईसा पूर्व के प्रसिद्ध तमिज़ कवि कनियान पूनगुनरानार ने लिखा था, इस पृथ्वी पर स्थित सभी स्थान हमारे शहर हैं और सभी लोग हमारे रिश्तेदार हैं, हम सभी के पूर्वज एक ही हैं।

ये दर्शन हमें न सिर्फ पीढ़ी-दर-पीढ़ी सौंपे गए हैं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय चेतना में भी अंतर्निहित हैं। अब यह नियमित रूप से दिखाई देता है कि भारत कैसे दुनिया के साथ जुड़ता है। संकट के समय और एक भयानक वैश्विक महामारी के दौरान, भारत ने 150 से अधिक देशों को कोविड-19 से संबंधित चिकित्सीय एवं अन्य सहायता उपलब्ध करायी। वैक्सीन मैत्री कार्यक्रम के माध्यम से, भारत ने 94 देशों और दो संयुक्त राष्ट्र संस्थाओं को कोविड के टीके की लगभग 75 मिलियन खुराकें प्रदान की है। रूस और यूक्रेन के बीच शत्रुता के दौर में, भारत सरकार ने न सिर्फ90 से अधिक उड़ानें संचालित करके 22,500 भारतीय छात्रों को निकाला बल्कि लगभग 20 देशों के 150 से अधिक विदेशी नागरिकों को भी बचाया।

अब जबकि भारत ने जी20 की अध्यक्षता ग्रहण कर ली है, अमृत काल के हिस्से के रूप में अगले 25 वर्षों के लिए उसने खुद के लिए जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वह संयुक्त समृद्धि के साथ-साथ एक साझा वैश्विक भविष्य का आधार बन सकता है। कार्रवाई और विकास की ओर उन्मुख यह अध्यक्षता एक ऐसी नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के लिए प्रयास करेगी जो अंतरराष्ट्रीय शांति को बढ़ावा दे और एक स्थायी, समग्र एवं समावेशी तरीके से न्यायसंगत और समानता पर आधारित विकास की हिमायत करे और ऐसा बिल्कुल ही संभव है।

**(जी. किशन रेड्डी भारत सरकार में केन्द्रीय संस्कृति, पर्यटन और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री हैं)**


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)




श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



# राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से देश में प्यार का संदेश फैला रहे - मोहन मरकाम

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के 108वें दिन देश की राजधानी दिल्ली पहुंचने पर उमड़े ऐतिहासिक जन सैलाब ने यह बता दिया राहुल गांधी जिन मुद्दो को लेकर कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा में निकले है उन मुद्दे के साथ देश का एक-एक नागरिक जुड़ा हुआ है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा देश के जिन 9 राज्यों से गुजरी वहां के नागरिकों ने महंगाई, बेरोजगारी, भुखमरी, किसानों की बदहाली जैसे मुद्दो पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के द्वारा चलाई जा रही मुहिम को पूरा समर्थन दिया।



लोग राहुल गांधी से मिलने के लिये उतावले रहते थे। हजारो लोग पैदल चलते तथा रास्ते में, घरों की छत पर खड़े होकर स्वागत करने को तत्पर रहते है। भारत जोड़ो यात्रा से घबराई भाजपा ने कोविड के नाम पर यात्रा को रोकने का षडयंत्र कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि देश के वर्तमान हालात में जब क्षेत्र धर्म सांप्रदायिकता के नाम पर देश की सत्ता में बैठे हुये लोग राजनीति कर रहे है वैसे में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगों के सामने एक नई उम्मीद लेकर सामने आई है। जब देश चलाने वाली दल सत्ताधीश और हुक्मरान आम आदमी की जरूरतों शिक्षा, रोजगार को परिदृश्य पीछे धकेल कर धार्मिक आधार पर ध्रुवीकरण की राजनीति को बढ़ावा दे रहे हो तब उस समय कांग्रेस जैसी जन सरोकारी वाली पार्टी का यह नैतिक और राजनैतिक कर्तव्य हो जाता है कि वह देश को बचाने देश की एकता और अखंडता को बचाने के लिये भारत जोड़ो जैसा महाअभियान चलाये भारत जोड़ो यात्रा का यही उद्देश्य है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा से देश के आम आदमी की समस्याओं को आवाज दे रहे है। देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्या, सामाजिक वैमनस्यता के खिलाफ देश की जनता में जनजागरण पैदा कर रहे। भारत जोड़ो यात्रा कन्याकुमारी से लेकर राजस्थान तक भारत के जनमन में रच बस गयी है। सारा भारत अपनी तकलीफों के निदान को लेकर एकजुट हो गया है। भारत जोड़ो यात्रा देश के लोगो मे उम्मीद की नई किरण जगा रही। राहुल गांधी प्रेम उम्मीद और सद्भावना के नये बीज बोते चल रहे है। देश की जनता राहुल गांधी की पदयात्रा को हाथों हाथ ले रही है। राहुल गांधी की पदयात्रा से विघटनकारी ताकतों के हौसले पस्त हुए है। देश के लोकतंत्र के लिए शुभ संकेत है कि अराजक तत्व भारत की अनेकता में एकता के मूल मंत्र के सामने घुटने टेकने को विवश हुए है। यह राहुल गांधी की यात्रा की बड़ी सफलता है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि जनाधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए कांग्रेस पार्टी आजादी के पहले से ही सत्याग्रह को एक मजबूत हथियार मानती है और भारत जोड़ो पदयात्रा आजादी के बाद देश का सबसे विशाल और परिवर्तक सत्याग्रह साबित होगा।

पूरा देश स्वीकार कर चुका है कि आज बर्बादी और वैमनस्यता की ओर बढ़ते देश को भारत जोड़ो पदयात्रा की जरूरत है। मोदी सरकार ने देश के 23 करोड़ लोगों को गरीबी के अंधेरे में धकेल दिया है। पूंजी पतियों की उंगलियों पर नाचने वाली मोदी सरकार के राज में देश का 77 प्रतिशत धन, सिर्फएक फीसदी लोगों के पास है। भारतीय रुपए का सम्मान दिन-ब-दिन कम होते जा रहा है। आज मोदी सरकार के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा भी खतरे में है।

# एसआर हॉस्पिटल चिखली में कल से निःशुल्क कोविड टीकाकरण, लगेगा पहला, दूसरा व बूस्टर डोज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चिखली दुर्ग में तीन दिवसीय निःशुल्क कोविड टीकाकरण शिविर लगाया जा रहा है। यह शिविर 26, 27 व 28 दिसम्बर तक रहेगा। एसआर हॉस्पिटल चिखली में टीकाकरण का समय सुबह 10:30 बजे से 3:30 बजे तक रहेगा। निःशुल्क कोविड टीकाकरण शिविर में अस्पताल के स्टाफउनके परिवार के सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों को कोविड संक्रमण से बचाव हेतु कोवैक्सीन के टीकाकरण का प्रथम डोज द्वितीय डोज एवं बुस्टर डोज लगाया जाएगा। 15 वर्ष से अधिक उम्र के सभी पात्र हितग्राहीयो का टीकाकरण निःशुल्क किया जाएगा।



निःशुल्क कोविड टीकाकरण शिविर में जिनका कोविड टीकाकारण का प्रथम डोज द्वितीय डोज एवं बुस्टर डोज नहीं लगा है वे सभी हितग्राही कोविड संक्रमण से बचाव के लिए कोवैक्सीन का टीका निःशुल्क लगवा सकते है । कोवैक्सीन टीकाकरण के लिए हितग्राही अपना आधार कार्ड एवं मोबाइल साथ में अवश्य लाएं।

कोविड के संक्रमण से बचने के लिए आयोजित शिविर के बारे में जानकारी देते हुए डॉ सीबीएस बंजारे जिला नोडल अधिकारी द्धष्ठस्क्क दुर्ग ने बताया कि एस आर अस्पताल चिखली दुर्ग में स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क कोवेक्सीन टीकाकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। बताया कि शासन की गाईड लाईन का पालन करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगो का टीकाकरण किया जाएगा ।

एसआर हॉस्पिटल के टीकाकरण प्रभारी अधिकारी डॉ एसपी केसरवानी ने निःशुल्क टीकाकरण शिविर में कोवैक्सीन का टीका लगाए जाने की जानकारी प्रदान की है। साथ ही कोवीड संक्रमण से बचने के लिए शासन द्वारा बनाए गए नियमो एवं निंदेशो का पालन करने की अपील आम जनता से की है। अस्पताल के कोवीड प्रभारी अधिकारी डॉ पवन देशमुख ने फिर से फैल रहे कोवीड वायरस से बचने के लिए क्षेत्रवासियो से निःशुल्क कोवैक्सीन लगाए जाने की विनम् अपील की है। अधिक जानकारी के लिए एसआर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चिखली दुर्ग के हेल्प लाइन नंबर 6262613200, 6262613300, 6262613400 से संपर्क कर सकते हैं।

## खास खबर

### एनटीपीसी कोरबा के तीरंगदाज़ी शिविर से निखरती खिलाड़ियों की प्रतिभा

**रायपुर।** एनटीपीसी कोरबा सीएसआर द्वारा सामाजिक नैगमिक दायित्व के तहत तीरंदाजी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिभा खोज शिविर का आयोजन किया जा रहा है। तीरंदाजी प्रतिभा खोज हेतु यह शिविर कोरबा जिले के चार अलग अलग क्षेत्रों में एक- एक सप्ताह के लिए आयोजित होगें। शिविर का पहला आयोजन सुदूर वनांचल ग्राम देवपहरी के गौमुखी सेवा धाम में दिनांक 15.12.2022 से 21.12.2022 तक किया गया, जिसमें माध्यमिक एवं हाई स्कूल के लगभग 100 बालक एवं बालिका सम्मिलित होकर खेल के इस प्राचीन विधा में कौशल निखारने मार्गदर्शन प्राप्त किये। उक्त तीरंदाजी शिविर में तीरंदाजी के नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट एवं राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित श्री भरत यादव ने खेल की बारीकियों से अवगत कराते हुएअपना मार्गदर्शन प्रदान किये। दिनांक 21.12.2022 को शिविर के समापन अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेडल प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर एनटीपीसी कोरबा के मुख्य महाप्रबंधक श्री पी एम जेना ने कहा की एनटीपीसी कोरबा का लक्ष्य सामाजिक दायित्व के अंतर्गत युवाओं के कौशल विकास एवं प्रतिभा को निखारना है। इस प्रतिभा खोज शिविर के द्वारा हम प्रतिभाशील उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सशक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हम आशा करते हैं की अधिक से अधिक खिलाड़ी इस शिविर में भाग ले कर इसका लाभ उठा सकें। एनटीपीसी लिमिटेड ने तीरंदाजी को बढ़ावा देने के लिए कॉर्पोरेट स्तर पर भारतीय तीरंदाजी संघ के साथ भी भागीदारी की है। कोरबा की पहल जिले में तीरंदाजी को बढ़ावा देने के लिए एक सार्थक पहल है।। समापन समारोह में सीएसआर एनटीपीसी कोरबा से विरेन्द्र कुमार देशमुख , राजेन्द्र कुमार जोगी, गौ मुखी सेवाधाम प्रकल्प के डा. देवाशीष, स्कुल के शिक्षकगण , ग्रामीण एवं ममता अभिभावक गण उपस्थित थे। अजगरबहार आदि स्थानों में तीरंदाजी प्रतिभा खोज का आयोजन किया जायेगा।

# शिक्षा वह ज्योति है, जो अन्याय से लड़ना और आगे बढ़ना सिखाती हैः भूपेश बघेल

सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

शिक्षा को बढ़ावा देने पर सूर्यवंशी समाज की सराहना की

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज जांजगीर-चाम्पा जिले के ग्राम सिवनी में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय विराट सूर्यांश शिक्षा महामहोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह जानकर खुशी हुई कि सूर्यवंशी समाज ने शिक्षा के महत्व को समझा और अपने समाज के बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए शिक्षा को चुना। शिक्षा ही वह ज्योति और प्रकाश है जिसके माध्यम से अन्याय के खिलाफ लड़ने और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।



उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए कहा कि अब छत्तीसगढ़ की पहचान बदल रही है। सांस्कृतिक, आर्थिक, सामाजिक सहित अन्य क्षेत्रों में भी परिवर्तन के साथ राज्य का विकास हो रहा है।

सूर्यांश शिक्षा उत्थान समिति द्वारा आयोजित सूर्यांश महा महोत्सव में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि उन्हें यहाँ आकर शांति और सुकून की अनुभूति होती है। देश की आजादी से पहले अशिक्षा और कुरीतियों ने समाज को शिक्षा से वंचित किया तो समाज के महापुरुषों ने आने वाली पीढ़ियों को शिक्षा के प्रति जागरूक कर शिक्षित बनाने में योगदान दिया। समाज आज उन महापुरुषों व पूर्वजों के योगदान को याद कर आगे बढ़ रही है यह बहुत खुशी की बात है।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर ने संदेश दिया था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, सघंर्ष करो। इसके साथ ही बुद्ध के करुणा, मैत्री और प्रज्ञा पर भी जोर दिया। हमारी सरकार भी शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की दिशा में काम कर रही है। नक्सल क्षेत्रों के स्कूलों को सँवारा जा रहा है। शिक्षकों की व्यवस्था की जा रही है। शिक्षा के मंदिर को बेहतर बनाने के लिए राज्य के बजट में एक हजार करोड़ रुपये का प्रावधान भी रखा गया है। जहां एक ओर सर्वसुविधायुक्त स्वामी आत्मानन्द स्कूल खोलकर अंग्रेजी व हिंदी में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जा रही है, दो नए यूनिवर्सिटी खोले गए हैं, वहीं दूसरी ओर हम रोजगार मूलक शिक्षा व्यवस्था पर जोर दे रहे हैं। इसके लिए आटीआई की मांग को देखते हुए नए ट्रेड तथा 12 वीं तक के विद्यार्थियों को कौशल में पारंगत करने 1200 करोड़ रुपये की राशि का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों की कमी को दूर करने 4 नए मेडिकल कॉलेज भी खोले गए हैं।

जांजगीर में जल्दी ही मेडिकल कालेज खुलेगा। उन्होंने गरीबों के निःशुल्क उपचार के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी देते हुए कहा कि गम्भीर बीमारियों के उपचार के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से 20 लाख रुपये तक दी जाती है। मुख्यमंत्री सुपोषण योजना से कुपोषित बच्चों को सुपोषित बनाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि जन्म से लेकर मृत्यु तक योजनाएं बनाई गई है। सरकार छत्तीसगढ़ के सभी गरीबों के जेब में पैसा डाल रही है। राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदने के अलावा राजीव गांधी किसान न्याय योजना के तहत इनपूट सब्सिडी देने के साथ गोधन न्याय योजना से गौठान बनाकर गौ-संरक्षण तथा गोबर खरीद कर पशुपालकों को लाभ पहुचाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गोबर से दीया, सजावटी सामान, खाद बनाने के साथ अब प्राकृतिक पेंट भी तैयार किया जा रहा है। स्कूली भवनों में इसका इस्तेमाल कर स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्होंने राजीव गांधी भूमिहीन ग्रामीण कृषि मजदूर न्याय योजना से सालाना 7 हजार रुपये दिए जाने और वनवासियों से लघुवनोपज अधिक मात्रा व मूल्य पर खरीदने की बात कही।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने गुरु घासीदास की जन्मस्थली गिरौदपुरी, लालपुर, अमरपुर सहित अन्य स्थलों को भी विकसित करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रामवनगमन पर्यटन परिपथ का विकास और घोटुल, राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य के माध्यम से भी संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री बघेल ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सूर्यवंशी रत्न सम्मान तथा अन्य सम्मान से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा में माल्यापर्ण करने के साथ समाज के महापुरूषों की पूजा अर्चना की।

# फ्ली फेयर इवेंट में एनजीओ पाट्र्नर बना जीव दया ग्रुप



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग ।** चौहान इमपिरियल रिज़ॉर्ट में दो दिन के इस आयोजन मेंजीव दया ग्रुप ने इवेंट में अपना संपूर्ण सहयोग दिया और अपनी संस्था के कार्यों के बारे में सभी को जानकारियाँ दी गई कई लोगों ने ग्रुप को सहयोग राशि के माध्यम से प्रोत्साहित किया ग्रुप सामाजिक जिम्मेदारी निभा रहे है। इनमे से एक जीव दया ग्रुप।

जो न केवल ठंड में लोगों को कंबल देकर उन्हें ठंड से बचा रही है , साथ ही गायों को रोटी खिलाने से लेकर चिड़ियों के लिए भी दाना- पानी काँ भी इंतज़ाम करते है । ग्रुप के युवाओं का कहना है कि छोटी-छोटी मदद के ज़रिये वे सभी जीव इवेंट में शिखा बरडिया,दीपा महेश्वरी, मीनाक्षी सुराना, परिधि मोदी, सौम्या मोदी, रीनल तुरक़िया, गुंजन पींचा,पलक गोलछा, अमित बरडिया,गौरव महेश्वरी,आशीष तुकरिया मौजूद रहे सेवा में जुड़े है।

अर्पित लोढ़ा, मयंक लुनिया, अशोक लोढ़ा ,राहुल कोचर, नीरज लुनावत, प्रवेश पारख, आदित्य नाहर, योगेश कोचर, शैलेश बुरड, अमित बाफ़ना,मयंक बोथरा, ऋषभ गोलछा, मतिश चोपड़ा, यश बरडिया सहित 30 युवा शामिल है।




# सिंगल यूज प्लास्टिक पर भिलाई निगम की बड़ी कार्रवाई, कई दुकानों पर पहुची टीम, जब्ती के साथ काटा जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर भिलाई निगम द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। शनिवार को भिलाई निगम की टीम द्वारा शहर की कई दुकानों में दबिश दी गई। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक को जब्त करने के साथ ही जुर्माना भी वसूल किया गया।



बता दें भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक से बने उत्पादों को पूर्णरूप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। निगम ने प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई करने के लिए टीम का गठन किया है। निगम में प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्रवाई अभियान लगातार जारी है। प्रत्येक जोन में अलग-अलग जगहों पर दुकानों, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में छापेमार कार्रवाई की जा रही है। जहां भी सिंगल यूज प्लास्टिक व प्रतिबंधित प्लास्टिक का विक्रय करते हुए पाया जा रहा है वहां इसे जब्ती करते हुए जुर्माना भी वसूला जा रहा है। उल्लेखनीय है कि निगम आयुक्त रोहित व्यास ने भी प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की अपील शहरवासियों से की है। शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने के लिए यह आवश्यक है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का बहिष्कार करें। किसी भी प्रकार की सामग्री लेने के लिए कपड़े से बने थैले इत्यादि का उपयोग करें। प्लास्टिक से पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंचता है जिसको देखते हुए इस पर भिलाई निगम क्षेत्र में कड़ाई करना प्रारंभ कर दिया गया है। रात्रि के समय भी ठेला लगाकर व्यवसाय करते हुए प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग व विक्रय करने वालो पर लगाम लगाया जा रहा है। निगम की टीम ने पावर हाउस, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट नंदनी रोड, कैलाश नगर, नेहरू नगर के विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिबंधित प्लास्टिक पर कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी वसूल किया तथा प्रतिबंधित प्लास्टिक की जब्ती भी बनाई।






## खास खबर...

### गायत्री परिवार का प्रांतीय नारी सशक्तिकरण चेतना शिविर 27 दिसम्बर से

**रायपुर ( ए )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ द्वारा दिनांक 27 से 29 दिसंबर 2022 तक एयरपोर्ट के सामने स्थित जैनम मानस भवन में प्रांतीय नारी सशक्तिकरण चेतना शिविर का आयोजन किया गया है।

गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा एवं नारी जागरण अभियान की प्रांत प्रभारी डॉ. कुन्ती साहू ने बताया कि इस शिविर में गायत्री परिवार की प्रमुख व शांतिकुंज हरिद्वार की अधिष्ठात्री श्रद्धेया शैल बाला पंड्या जीजी शिविरार्थियों को मार्गदर्शन व विशेष संदेश देंगी। इसी शिविर में गायत्री तीर्थ शांतिकुंज से आदरणीय शेफ़ाली दीदी नारी जागरण अभियान व डॉक्टर चिन्मय पंड्या प्रति कुलपति देव संस्कृति विश्वविद्यालय, हरिद्वार (उत्तराखंड) भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होकर अपना संदेश प्रदान करेंगे। शिविर में छत्तीसगढ़ के अलावा उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िशा, झारखंड और बिहार की 5000 से अधिक महिलाएं शिरकत करेंगी। गायत्री परिवार का पूरे भारत वर्ष में इतने वृहत स्तर पर नारी सशक्तिकरण के क्षेत्र का यह कार्यक्रम प्रथम आयोजन होगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गायत्री परिवार की महिला मंडल द्वारा प्रदेश के सभी ब्लॉकों / जिलों में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है साथ ही इसकी तैयारियां भी वृहत स्तर पर तेजी से चल रही है। गायत्री परिवार के संस्थापक वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ, युग ऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के उदघोष इक्कीसवी सदी उज्वल भविष्य एवं इक्कीसवीं सदी नारी सदी को सार्थक करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ प्रांत में विगत दो वर्षों से जिला / ब्लॉक एवं ग्रामीण स्तर पर सघन कार्यशालाओं के माध्यम से विभिन्न रचनात्मक आंदोलनों पर मंथन किया गया हैं। इनके उत्साहवर्धन एवं वन्दनीया माता भगवती देवी शर्मा जी के जन्म शताब्दी वर्ष 2026 तक की कार्ययोजनाओं पर गहन चिंतन हेतु प्रांत स्तर पर यह आयोजन किया जा रहा है। यह पूरा कार्यक्रम गायत्री परिवार की प्रमुख आदरणीय शैलजीजी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

# नये मेडिकल कालेज खोलने पर काम करेंगे, आईटीआई के उन्नयन के लिए भी हो रहा कामः सीएम भूपेश बघेल

## बाबा गुरू घासीदास ने समानता का उद्घोष करते हुए दिया मनखे-मनखे एक समान का संदेश

### मुख्यमंत्री ग्राम दैमार में गुरु घासीदास की जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में मेडिकल शिक्षा की अधोसंरचना मजबूत हुई है। इसे और आगे बढ़ाते हुए नये मेडिकल कॉलेज आरंभ करेंगे। हमने आईटीआई के माध्यम से नये ट्रेड्स द्वारा कौशल विकास का निर्णय कर इसके लिए कार्य आरंभ कर दिया है। शिक्षा की मजबूती से ही समाज की मजबूती है और यह हम प्राथमिकता से कर रहे हैं। वे दुर्ग जिले के ग्राम दैमार में आयोजित बाबा गुरू घासीदास जी की जयंती कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आगे कहा कि विवेकानंद और राजा राममोहन राय जैसे मनीषियों ने देश में विज्ञान की पढ़ाई को बढ़ावा देने के लिए अंग्रेजी शिक्षा की बात कही क्योंकि विज्ञान की अधिकतर बातें अंग्रेजी में थीं। हमारे बच्चे भी वैश्विक भाषा से पीछे नहीं रह जाएं, वैज्ञानिक शब्दावली उन्हें आसानी से समझ आये, इसके लिए भी हमने स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रारंभ कर एक मजबूत अधोसंरचना तैयार की है,



साथ ही अंग्रेजी माध्यम कॉलेज प्रारंभ करने की तैयारी कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में गुरु घासीदास ने मनखे-मनखे एक समान का विचार रखा। छत्तीसगढ़ में उन्हें गुरु कहा जाता है क्योंकि गुरु वो हैं जो अंधकार से प्रकाश में ले जाएं और हमें सही रास्ता दिखाये, जो जीवन जीने की कला सिखाये, जो हमें सदमार्ग पर ले जाए। इसलिए आज 266 साल बाद भी बाबा जी के विचार हमें रास्ता दिखा रहे हैं। उनके रास्ते पर चलने का मतलब है कि हमें अपनी सामाजिक कुरीतियों को पूरी तरह त्यागना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा जी ने जो सेवा का मार्ग दिखाया है। उस पर हम चल रहे हैं। हमारे बच्चे सुपोषित हों, इसके लिए हम कार्य कर रहे हैं। हाट-बाजार क्लीनिक के माध्यम से हम गांव-गांव पहुंचकर लोगों का निःशुल्क उपचार कर रहे हैं। गंभीर बीमारियों के लिए हम मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से इलाज करा रहे हैं। पाटन में शिक्षा का खूब आंदोलन हुआ है और हर गांव में स्कूल हैं। शिक्षा पर ध्यान देने की वजह से यह क्षेत्र लाभान्वित हुआ है और इस ज्योत को आगे जलाये रखना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने ग्रामीण विकास और किसानों के लिए जो योजनाएं लाई हैं उसके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश में गोबर पेंट बनाने की 21 यूनिट काम कर रही हैं और इसे स्व-सहायता समूह की महिलाएं कर रही है। इस मौके पर पूर्व विधायक प्रदीप चौबे, मुख्यमंत्री के ओएसडी आशीष वर्मा एवं अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# एम्स रायपुर में रिक्त बैड की संख्या अब वेबसाइट में रियल टाइम बेसिस पर

**रायपुर ( ए )।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में रोगियों के लिए उपलब्ध बैड की संख्या अब रियल टाइम बेसिस पर एम्स की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। इस टैब पर कई अन्य जानकारियां भी उपलब्ध होंगी जिसमें आईपीडी और ओपीडी रोगियों की संख्या, विभिन्न टेस्ट की स्थिति की जानकारी भी ली जा सकेगी। इसके साथ ही शीघ्र ही एप के साथ वेबसाइट पर भी रोगियों की टेस्ट रिपोर्ट उपलब्ध हो सकेंगी। पेशेंट डैशबोर्ड सुविधा का प्रारंभ निदेशक प्रो. (डॉ.) नितिन एम. नागरकर ने शनिवार को किया। एम्स की वेबसाइट पर पेशेंट केयर डैशबोर्ड के नाम से उपलब्ध इस टैब में ओपीडी के रोगियों की संख्या, इमरजेंसी में रोगियों की संख्या, जनरल बैड, आईसीयू, एचडीयू और प्राइवेट बैड की संख्या भी रियल टाइम बेसिस पर उपलब्ध होगी। लैबोरेट्री रिपोर्ट, रेडियोडायग्नोसिस आदि की जानकारी भी यहां प्रदान की जा रही है। प्रो. नागरकर ने कहा है कि इससे रोगियों को पारदर्शिता के साथ सारी जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। इसके साथ ही एम्स द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में दिए जा रहे योगदान की जानकारी भी मिल सकेगी।

बीआईटी के सिल्वर जुबली समारोह में पहुंची राज्यपाल अनुसुईया उइके, कहा-

# बीआईटी में नवाचारों को बढ़ावा दिया जाता है अतएव इतने बरसों बाद भी संस्थान की साख वैसी ही है

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** आपको मिलने वाला पैकेज महत्वपूर्ण है लेकिन इससे भी बड़ी चीज है संस्कार। आपने जिन लोगों से शिक्षा ली, जिन्होंने आपके निर्माण के महत्वपूर्ण वर्षों में आपकी समझ को विकसित करने में मदद की। उन्हें याद रखना, उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना, बहुत जरूरी चीजें हैं। आज बीआईटी में 1997 बैच के सिल्वर जुबली कार्यक्रम में जब अपने गुरुजनों के प्रति इन पूर्व विद्यार्थियों का आदर देख रही हूँ तो मुझे बहुत अच्छा महसूस हो रहा है और यह लग रहा है कि उन्होंने अपने करियर में भी तरक्की की है और अपने संस्कारों को भी संभालकर रखा है। यह बात राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने बीआईटी सभागार में आयोजित 1997 बैच के सिल्वर जुबली कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कही।




राज्यपाल ने कहा कि युवावस्था अपने को निखारने का स्वर्णिम वक्त होता है और ऐसे में जिस संस्थान में उनकी ऊर्जा को सकारात्मक रूप दिया जाता है, वो संस्थान उनके लिए पुण्यभूमि से कम नहीं है। राज्यपाल ने कहा कि अपने गुरुजनों को हमेशा सम्मान दें। मेरी पढ़ाई जहां हुई, वहां मैं अक्सर जाती हूं। अपने गुरुजनों की सीख की वजह से आज मैं यहां हूँ। मैंने अपने जीवन से यह सीखा है कि जब भी आप कोई शुभ संकल्प लेते हैं और उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं, तो वो लक्ष्य अवश्य पूरा होता है। उन्होंने कहा कि बीआईटी में नवाचारों को हमेशा प्रोत्साहन दिया जाता है। यही वजह है कि 36 बरसों से यह संस्थान लगातार अपनी छवि को कायम रखने में सफल रहा है। इसके पीछे संस्थान के पूर्व विद्यार्थियों का भी बड़ा हाथ है, जिन्होंने देश-विदेश में सभी क्षेत्रों में ऊंचा नाम कमाया। ऐसे सीनियर हमेशा अपने आने वाली पीढ़ी के लिए पथप्रदर्शक होते हैं और नई पीढ़ी को भी लगता है कि हमारे लिए भी तरक्की करने के लिए पूरा आकाश खुला है,

राज्यपाल ने इस मौके पर अपने छात्र जीवन से जुड़े अनुभव साझा किये और अपने संघर्षों को याद किया। उन्होंने सफलता और असफलता को जीवन के दो पहलू बताते हुए सतत परिश्रम करते रहने की शीख दी।

राज्यपाल सुश्री उइके ने कहा कि आप सभी ने संस्थान में जो अविस्मरणीय पल बिताये है, उसे याद कर वापस उन पलों को जीना मन को अहलादित कर देता है। उन्होंने भारत के समृद्ध अध्ययन परंपरा तथा गुरूओं के महत्व के संबंध में भी अपने विचार व्यक्त किये। राज्यपाल ने संबोधन के अंत मे पुनः सभी पूर्व विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और संस्थान के उज्जवल भविष्य की कामना की। बिलासपुर विधायक शैलेश पांडे ने भी 1997 बैच के विद्यार्थी के रूप में कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संस्थान के मेंबर सेक्रेटरी आईपी मिश्रा, डायरेक्टर डा. अरुण अरोरा तथा प्राचार्य मोहन गुप्ता ने भी संबोधित किया। सिल्वर जुबली कार्यक्रम में पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव भी साझा किये। इस अवसर पर बीआईटी कॉलेज प्रबंधन ने राज्यपाल को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

# यातायात में बाधक छह से अधिक स्थानों से हटेंगे खंभे, ट्रांसफार्मर होंगे व्यवस्थित

**रायपुर ( ए )।** यातायात में बाधक बिजली के खंभे हटाने की कवायद तेज हो गई है। जनवरी से काम शुरू होगा। शहर की रिंग रोड नंबर एक पर भाठागांव ब्रिज से लगी सर्विस लेन की तरफ रायपुरा ब्रिज, संतोषीनगर और पचपेड़ी नाका ब्रिज के चौड़ीकरण और यातायात में बाधक बने शंकरनगर ब्रिज के पास सड़क किनारे स्थापित छह से अधिक बिजली खंभे हटाने की तैयारी बिजली विभाग ने कर ली है। नए साल जनवरी के पहले हफ्ते से काम शुरू होने की संभावना बिजली कंपनी के अधिकारियों ने जताई है।




दरअसल राजधानी रायपुर और आउटर के इलाके में लगातार सड़क हादसे और यातायात जाम से छुटकारा दिलाने की कोशिशें शुरू हो गई हैं। शहर की सड़कों पर हो रहे अतिक्रमण, आटो रिक्शा, ई-रिक्शा चालकों की मनमानी रोकने के साथ ही यातायात में बाधक बन रहे सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे, ट्रांसफार्मरों को हटाने के निर्देश कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भूरे ने पिछले दिनों जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए थे।

इसके बाद पीडब्ल्यूडी और बिजली कंपनी ने रिंग रोड नंबर एक पर भाठागांव ब्रिज से लगी सर्विस लेन की तरफ, रायपुरा ओवरब्रिज, संतोषीनगर ओवरब्रिज के साथ पचपेड़ी नाका ब्रिज के नीचे सड़क को चौड़ीकरण करने के साथ यातायात में बाधक बने शंकरनगर ब्रिज के पास सड़क किनारे स्थापित बिजली खंभे हटाने की योजना पर तेजी से काम शुरू किया। यही नहीं, नए चौक-चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल लाइट के साथ शहर की चार प्रमुख सड़कों पर डिवाइडर बनाने का रास्ता भी साफ हो गया है।

छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेंटर की कार्यशाला में बच्चों ने एयरोप्लेन के विज्ञान को समझा, मॉडल बनाकर स्वयं अनुभव किया

# बच्चों ने कुछ नया बनाना सीखा, रचनात्मकता और सृजनात्मकता का भरपूर उपयोग कियाः डॉ. शिरीष सिंह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने एयरोप्लेन साईंस किस सिद्धांत पर और कैसे कार्य करता है। इसके पीछे क्या टेक्नोलॉजी है। साथ ही इसका मॉडल बनाकर उड़ाने का अनुभव भी लिया। यह सब छत्तीसगढ़ रीजनल साईंस सेंटर द्वारा आयोजित हैण्ड्स ऑन ट्रेनिंग कम वर्कशॉप में बच्चों ने जाना और अनुभव भी किया। एयरो मॉडलिंग कार्यशाला में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय माना कैम्प के विद्यार्थी शामिल हुए। यह कार्यशाला प्रभारी परियोजना संचालक डॉ. शिरीष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में हुई। इसका उद्देश्य नवीन खोजों एवं प्रायोगिक क्रियाकलापों को स्वयं करके सीखने की प्रक्रिया को विकसित करना है।

संस्था के महानिदेशक डॉ. एस. कर्मकार द्वारा संस्था के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को इस पाँच दिवसीय वर्कशॉप के सफलतापूर्वक संपन्न होने की शुभकामनाएं दी। साथ ही अपनी वैज्ञानिक टीम को भविष्य में भी इस तरह के वर्कशॉप के आयोजन हेतु प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर डॉ. शिरीष कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान में हम प्रौद्योगिक एवं नवाचार के युग में जी रहे है। सभी तरफ ऑटोमेशन टेक्नॉलॉजी का प्रसार है। शिक्षण में ऑगमेंटेड रियालिटी और वर्चुअल रियालिटी का इंटरफेस बढ़ गया है। ऐसे में



संस्था द्वारा आयोजित इस प्रकार के हैण्ड्स ऑन ट्रेनिंग कम वर्कशॉप से बच्चे रोबोटिक्स, ड्रोन एवं एयरो मॉडलिंग से जुड़े विज्ञान के कठिन सिद्धांतों को आसानी से समझ पा रहे है। उन्होंने कहा कि एयरो-मॉडलिंग की पांच दिवसीय वर्कशॉप में टीम में टीम स्प्रिंट के साथ मिलकर कार्य किया गया। विद्यार्थियों ने कुछ नया बनाना सीखा। साथ ही अपने रचनात्मकता और सृजनात्मकता का भरपूर उपयोग किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाया गया एयरो प्लेन जब उड़ा तो उनकी खुशी देखते बनती थी।

वैज्ञानिक, अमित कुमार मेश्राम ने कहा कि इस पांच दिवसीय एयरो-मॉडलिंग वर्कशॉप में विद्यार्थियों ने कुछ नया करना सीखा, साथ ही उपलब्ध विज्ञान के सिद्धांतों के अनुप्रयोग से भली-भांति परिचित होते हुए वर्तमान में एविएशन के क्षेत्र कैरियर के अवसरों को पहचाना। वैज्ञानिक अधिकारी प्रज्ञा कदम ने कहा कि अपने ही बनाए हुए मॉडल को उड़ता हुआ देखना बच्चों के लिए सपने से कम नहीं था। पांच दिनों की कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ डॉ. अरुणा राना द्वारा एविएशन के इतिहास राइट्स ब्रदर्स का योगदान बताने के साथ विमान के उड़ने में उपयोगी वैज्ञानिक सिद्धांत की जानकारी दी। कार्यशाला में शोधार्थी वरुण कुमार मिश्रा, सुश्री श्रेया मिश्रा, सुश्री तारणी वर्मा स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय माना कैम्प के विद्यार्थियों और शिक्षक उपस्थित थे।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करेंः-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















# क्रिसमस के उत्सव में केक-कुकीज बढ़ा सकती हैं वजन-शुगर का लेवल, ऐसे रखें सेहत का खास ख्याल

साल 2022 अपने समापन की ओर बढ़ रहा है। क्रिसमस-नए साल का उत्सव और छुट्टियों का सीजन भी शुरू हो रहा है। आज क्रिसमस का उत्सव है, प्रभु यीशु के जन्मदिवस को पूरे देश में धूमधाम के साथ मनाया जाता है। लोग एक दूसरे को केक खिलाकर उत्सव का आनंद लेते हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, इन सबके बीच सेहत को लेकर भी अलर्ट रहने की आवश्यकता होती है। आहार में बरती गई लापरवाही त्योहारों-छुट्टियों के सीजन में आपके शुगर लेवल और वजन को बढ़ा सकती है।



आहार विशेषज्ञ कहते हैं, बहुत से लोगों का छुट्टियों के आसपास वजन बढ़ जाता है। वहीं अगर आप डायबिटिक हैं तो और भी सावधान रहने की आवश्यकता है, केक-कुकीज आदि शुगर लेवल को बढ़ा सकते हैं। त्योहारों के इस सीजन में सेहत को लेकर लापरवाही बिल्कुल नहीं बरतनी चाहिए। आइए जानते हैं कि वजन और शुगर लेवल को कंट्रोल करते हुए किसी भी तरह की स्वास्थ्य समस्याओं से बचे रहने के लिए किन बातों का ध्यान रखना बहुत आवश्यक है?

### क्या है स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, क्रिसमस-नए साल की छुट्टियों का यह समय उत्साह और आनंद का तो होता है पर इन सबके बीच सेहत को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। यूके, पुर्तगाल और डेनमार्क में 1,000 लोगों पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि क्रिसमस की अवधि में लोगों ने औसतन दो फीसदी वेट गेन किया। वजन बढ़ने की समस्या और इसपर ध्यान न देना, लंबी अवधि में कई प्रकार की क्रोनिक बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकती है। त्योहारों के इस सीजन में कुछ बातों को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहना चाहिए।

### खान-पान को लेकर बरतें सावधानी

क्रिसमस-नए साल की पार्टियों के दौरान सेहत को नजरअंदाज न करें, आहार का विशेष ध्यान रखें। स्वस्थ आहार का सेवन करें। अधिक मात्रा में केक-कुकीज खाने से बचें, इन चीजों से न सिर्फ शुगर लेवल बढ़ने का खतरा रहता है साथ ही ये तेजी से बजन बढ़ाने वाली भी हो सकती हैं। आहार में मौसमी फलों-सब्जियों को शामिल करें। बॉडी डिटॉक्स करने वाले फलों-सब्जियों के जूस का सेवन करें।

### व्यायाम बहुत आवश्यक

शरीर को स्वस्थ रखने और वजन को कंट्रोल रखने में नियमित व्यायाम की आदत को सबसे आवश्यक माना जाता है। इससे वजन और शुगर लेवल दोनों को कंट्रोल किया जा सकता है। छुट्टियों के सीजन में भी योग-व्यायाम को जारी रखें। ये कैलोरी को तेजी से बर्न करने में मददगार होते हैं, जिससे वजन बढ़ने का खतरा कम होता है। सेहत को हमेशा प्राथमिकता में रखें।

## खास खबर

### रणवीर सिंह की सर्कस रिलीज के दिन हुई ऑनलाइन लीक, एचडी प्रिंट में उपलब्ध

अभिनेता रणवीर सिंह की कॉमेडी फिल्म सर्कस आज आखिरकार सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। इसका निर्देशन रोहित शेट्टी ने किया है। फिल्म की रिलीज के साथ ही मेकर्स के लिए एक मुसीबत आ खड़ी हुई है। रोहित की यह फिल्म विभिन्न प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन लीक हो गई है और एचडी प्रिंट में डाउनलोड के लिए उपलब्ध है। इसका नुकसान मेकर्स को उठाना पड़ सकता है, क्योंकि अधिकांश लोग इसे मुफ्त में डाउनलोड करके देख सकते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, सर्कस का फुल एचडी प्रिंट कई पायरेटेड साइटों पर लीक हो गया है। यह फिल्म तमिलरॉकर्स, फिल्मीजिला, मूवीरुल्ज और टेलीग्राम जैसी साइटों पर उपलब्ध है। भारत में पायरेसी अपराध की श्रेणी में आता है, फिर भी इसका तोड़ नहीं निकाला जा सका है। पायरेसी करने वाली साइटों पर कार्रवाई होती आई है। हालांकि, प्रतिबंधित किए जाने के बाद भी वे हर बार एक नए प्रॉक्सी सर्वर के साथ लौट आती हैं।


### पवन कल्याण के साथ इस पैन इंडिया फिल्म में नजर आएंगे बॉबी देओल

अपने करियर की दूसरी पारी में बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मों के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन कर रहे हैं। अभिनेता ने हाल ही में आई क्लास ऑफ 83, आश्रम और लव हॉस्टल जैसी फिल्मों और सीरीज के जरिए लोगों का दिल जीता है। वहीं अब खबर आ रही है कि बॉलीवुड में अपने पैर जमाने के बाद बॉबी साउथ इंडस्ट्री का रुख करने वाले हैं। बॉबी जल्द ही तेलुगू स्टार पवन कल्याण के साथ फिल्म में नजर आएंगे।

बता दें कि ट्रेड एक्सपर्ट तरण आदर्श ने सोशल मीडिया के जरिए यह खबर साझा की है। बॉबी के साउथ डेब्यू की खबर मिलने से उनके फैंस उत्साहित हो गए हैं। तरण के पोस्ट पर कमेंट कर एक यूजर ने लिखा, वाह क्या कॉम्बिनेशन है, पावर स्टार बनाम बॉबी। बता दें कि पवन कल्याण को लोग पावर स्टार भी कहते हैं। वहीं, अन्य यूजर ने लिखा, बॉबी को सलमान खान ने ही आश्रम साइन करने के लिए राजी किया था।

बॉबी की फिल्म हरि हारा वीरा मल्लू का निर्देशन कृष जगरलामुदी द्वारा किया जा रहा है। बता दें, मेकर्स इस फिल्म का टीजर रिलीज कर चुके हैं। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह फिल्म अगले साल गर्मियों में तेलुगू, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज होने वाली है। फिल्म की कहानी को मुगल काल में सेट किया गया है, जब डाकू वीरा मल्लू को मुगलों से कोहिनूर हीरा चुराने का काम सौंपा गया था। बॉबी के साथ अभिनेता अर्जुन रामपाल की भी यह पहली तेलुगू फिल्म होगी। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अर्जुन इस फिल्म में मुगल सम्राट औरंगजेब की भूमिका निभाएंगे। बता दें कि पहले इस फिल्म के लिए अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस को साइन किया गया था, लेकिन डेट्स न मिलने की वजह से उनकी जगह अभिनेत्री नरगिस फाखरी को साइन कर लिया गया है।

## अदिति शर्मा ने रब से है दुआ के लिए सीखी उर्दू



कलीरें एक्ट्रेस अदिति शर्मा ने खुलासा किया कि टीवी शो रब से है दुआ में दुआ की भूमिका निभाने के लिए सही उर्दू का उच्चारण करना उनके लिए कितना चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा: मैं वास्तव में उर्दू भाषा का शौकीन हूं, क्योंकि यह बहुत ही सम्मानजनक है। इसके अलावा, मुझे उर्दू बहुत आकर्षक और उत्तम दर्जे की लगती है, लेकिन चूंकि मैं दिल्ली से हूं, इसलिए मेरे हिंदी बोलने का तरीका बहुत अलग है।

इसलिए ईमानदारी से कहूं तो दुआ के अपने किरदार को निभाने के लिए उर्दू को ठीक करना मेरे लिए मुश्किल भरा होमवर्क था। 2017 में गुरु रंधावा के साथ एक म्यूजिक वीडियो, तारे में अभिनय करने के बाद, उन्होंने 2018 में कलीरें के साथ अपने टीवी करियर की शुरूआत की। वह नागिन 3, ये जादू है जिन्न का! और कई प्रोजेक्ट्स में भी देखी गईं। उन्होंने एक वेब सीरीज क्रैश भी काम किया। अब एक्ट्रेस रब से है दुआ शो में मुख्य भूमिका निभा रही हैं, जो दुआ और हैदर की एक प्रेम कहानी है, जिसे करणवीर ने निभाया है। यह दुआ पर केंद्रित है, जिसका जीवन उसके पति हैदर द्वारा दूसरी महिला से शादी करने की इच्छा व्यक्त करने के बाद पलट जाता है।

## जॉर्जिया एंड्रियानी ने हद से ज्यादा टाइट ड्रेस में करवाया हॉट फोटोशूट



अरबाज खान की गर्लफ्रेंड जॉर्जिया एंड्रियानी हमेशा अपने बोल्ड और ग्लैमरस फोटोज के कारण चर्चाओं में रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। जॉर्जिया एंड्रियानी हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस लेवेंडर कलर का बेहद ही स्टाइलिश जंपसूट पहना हुआ है जिसमें जॉर्जिया बेहद ही गॉर्जियस नजर आ रही हैं। जॉर्जिया एंड्रियानी ने अपने आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए बालों को स्टाइलिश लुक में बांध कर लाइट मेकअप किया है। इन तस्वीरो में एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करते हुए फोटोज क्लिक करवा रही हैं। एक्ट्रेस जॉर्जिया हमेशा अपनी बोल्ड तस्वीरों से सोशल मीडिया का पारा गर्म कर देती हैं। जॉर्जिया की ये ड्रेस हद से ज्यादा टाइट और बोल्ड है जो उनके लुक को कातिलाना बना रहा है। उनका हर लुक फैंस के बीच ट्रेंड करने लगता है। और फैंस भी उनके लुक्स की बेहद तारीफ करते हैं। एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं।

# बचपन के दिन क्यों होते हैं बेहद खूबसूरत

बचपन के दिन बेहद खूबसूरत होते हैं. सपनों की दुनिया में विचरते इस बचपन का हर लम्हा दर्द और तनाव से दूर ऊर्जा से भरपूर होता है. यदि आप भी लड़ाई-झगड़ों, मानसिक तनावों और बीमारियों से दूर एक स्वस्थ ,खुशहाल, रोचक और आसान जिंदगी जीना चाहते हैं तो हमारी सलाह मानिये.

### लड़ना, रूठना और तुरंत मान जाना

याद कीजिए बचपन में आप को कोई भी बात बुरी लगती थी तो आप दिल खोल कर बोलते थे. कोई बात दिल में दबा कर नहीं रखते थे. अपना हक मांगते थे. लड़झगड़ कर सामने वाले से रूठ भी जाते थे तो 2 मिनट बाद ही आप उसी शख्स के साथ खेलने लग जाते थे. मन में कोई मेल नहीं रखते थे. कोई शिकायत नहीं थी. पर अब हजारों बातें और शिकायतें हैं जिन्हें आप मन में रखते हैं. सामने वाले से कहते नहीं. अंदर ही अंदर घुटने रहते हैं. किसी की बात बुरी लगे तो आहत हो जाते हैं. छोटीछोटी बातों पर क्रोधित होते हैं और उस क्रोध की ज्वाला से सालों खुद को ही झुलसाते रहते हैं. इस तरह आप खुद अपनी सेहत को नुकसान पहुंचाते हैं. रिश्तो में दरार लाते हैं और सालोंसाल और पीड़ा का बोझ मन पर ढोए जीते जाते हैं. बेहतर है कि बच्चों की तरह दूसरे की कटु बातों को भी हल्के में लेना शुरू करें. अपना मन हमेशा साफ रखें.

### हर समय कुछ नया सीखने की चाह

बचपन में इंसान हर पल कुछ नया सीखता है. उस के हाथ में कुछ भी दे दीजिए वह घंटों उस से खेलता रहेगा. नएनए प्रयोग करेगा. उस के अंजरपंजर तोड़ कर देखेगा. जानने का प्रयास करेगा. हर बात पर सवाल करेगा. हमेशा कुछ नया जानने और सीखने का प्रयास करेगा. इसी स्वभाव की वजह से बच्चे न तो कभी बोर होते हैं और न ही सुस्त बैठते हैं. हर समय एक्टिव रहते हैं दिमाग से भी शरीर से भी. इस सक्रियता की वजह से वे बीमार कम होते हैं. उन के शरीर में उर्जा और जीवन के प्रति आकर्षण बना रहता है. पर बड़े होने के बाद हम क्या करते हैं ? एक रूटीन जिंदगी जीने लग जाते हैं. कुछ नया सीखने या करने की इच्छा खत्म होती जाती है. कभी कंप्यूटर के सामने घंटों बैठे रहते हैं तो कभी मोबाइल हाथ में ले कर स्क्रौल डाउन करते रहते हैं. इस जड़ता का नतीजा यह होता है कि शरीर और दिमाग में जंग लगने लगता है. शारीरिक मानसिक निष्क्रियता ले कर आती है सैकड़ों बीमारियां और बोझिल लमहे. इस लिए स्वस्थ रहना चाहते हैं तो दिमाग और शरीर को हमेशा सक्रिय बनाए रखें.

### भोलापन और मासूमियत

बच्चे रिश्तो को नफा नुकसान के तराजू पर नहीं तौलते. प्यार और मासूमियत से हर किसी को अपना बना लेते हैं. बिना किसी भेदभाव के सब को गले लगाते हैं. सब के साथ मस्ती करते हैं. सब को बुआ, मामा, अंकल ,आंटी बना लेते हैं. बदले में उन्हें हर किसी का प्यार मिलता है.

मगर बड़े होने पर हम फायदा देख कर रिश्ते बनाना शुरू कर देते हैं. हमारा दिल सब के लिए नहीं खुलता. ईर्ष्या , क्रोध, द्वेष ,वैमनस्य की काली छाया में हमारी सरलता कहीं खो जाती है. नतीजा यह होता है कि हम हमेशा तनाव में जीवन गुजारने लग जाते हैं. मन की खुशी चाहते हैं तो बच्चों की सरलता और भोलेपन को अपने स्वभाव का हिस्सा बनाएं.



### बेफिक्री

बचपन में हमें किसी बात की फिक्र नहीं होती. न पैसे कमाने की, न अहम् पर चोट लगने की और न ही दूसरों से आगे बढ़ने की. जो मिल गया उसी का जश्न मना लेते हैं. मगर बड़े होने पर हम छोटीछोटी बातों पर तनाव ले लेते हैं. कभी भविष्य की चिंता तो कभी किसी के द्वारा नजरअंदाज किए जाने का गुस्सा, कभी किसी करीबी को खो देने का डर तो कभी असफल हो जाने भय. इस तरह बेवजह की चिंताएं हमारे दिल पर हर समय हावी रहती है. धीरेधीरे हमारे दिल पर इतने बोझ इकट्ठे होने लगते हैं कि दिल सही ढंग से काम ही नहीं कर पाता. इसलिए अभी से सचेत हो जाइये. दिल और दिमाग पर बोझ बढ़ाने के बजाय मन के हर मलाल को बेफिक्री के धुओं में उड़ाते चलें. तब आप भी बच्चों की तरह खुशहाल जिंदगी जी सकेंगे.

### सादगी और सरलता

कभी आपने बच्चों को नोटिस किया है? वे जो सोचते हैं वही बोलते हैं. जो उन के मन में होता है वही जुबां पर होता है. वे रिश्तों के समीकरणों या दूसरे को पीछे कर आगे निकलने के दांवपेंचों में नहीं उलझते. वे नकली मुखौटा नहीं पहनते.

यदि आप भी जिंदगी में सादगी और सरलता के गुणों को अपना ले तो बिन मांगे आप को खुशियों और सम्मान भरी जिंदगी मिल जाएगी.वहीं बड़े होने पर हमारा माइंड सेट ही बदल जाता है. घूमफिर कर हम उन्ही बातों को याद करते रहते हैं जिन की वजह से हमें दुख पहुंचा या अपमान हुआ. हम कुछ लोगों के प्रति मन में नकारात्मक भाव रखने लगते हैं और बारबार उसे मजबूत भी करते रहते हैं. इस तरह हमारा मन नकारात्मक उर्जा से भर जाता है. इस का सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है. इन सब से बचने के लिए जरूरी है कि आप खुद को नकारात्मक सोच और अपने आसपास फैली नकारात्मकता से दूर रखें. हर चीज़ में अच्छा देखने की आदत डालें. इस से आप के जीवन में सुकून, सेहत और ऊर्जा का संचार होगा. दूसरों को माफ कर अपना दिल साफ रखें. इस से आप जीवन को बिना किसी पूर्वाग्रह से जी पाते हैं.

### गलतियों से घबराना नहीं

बचपन में हम गलतियां कर के नई बातें सीखते हैं. कितनी भी बड़ी गलती हो जाए हंस कर आगे बढ़ जाते हैं. पर उम्र बढ़ने के साथ हमारा नजरिया बदल जाता है. हम हर काम परफैक्शन के साथ करना चाहते हैं. प्रतियोगिता में सब को पछाड़ कर आगे आना चाहते हैं. मगर हमें यह खबर नहीं होती कि इस चक्कर में हम खुद पर कितना दबाव डाल रहे हैं. अपनी सेहत के साथ कितना अन्याय कर रहे हैं. जीवन में गलतियां करना गलत नहीं. गलतियों से सबक लेना गलत है. गलती के डर से जोखिम न उठाना गलत है. बच्चों की तरफ गलतियां करें और उस से सीखें. आगे बढ़े.तभी जिंदगी आप को खुशियों से नवाजेगी.

### खुल कर हंसना

बच्चों को कभी गौर से देखिए. वे छोटीछोटी बातों पर ठठा कर हंस पड़ते हैं. अजनबियों को देख कर भी मुस्कुरा देते हैं. मगर बड़े होने के बाद हमारी यह हंसी कहीं खो जाती है. हम सोचसोच कर हंसते मुस्कुराते हैं. हमें प्रयत्न कर के हंसना पड़ता है. किसी भी पार्क में सुबहसुबह आप को ऐसे लोगों का ग्रुप जरूर मिल जाएगा जो हाथ उठा कर सम्मिलित रूप से एक साथ हंसने का प्रयास करते हैं ताकि फेफड़ों को पूरा ऑक्सीजन मिल सके और सेहत बेहतर हो सके. पर यह जबरदस्ती की हंसी वह फायदा नहीं दे सकती जो स्वाभाविक रूप से हमारे अंदर से आती है. असली मुस्कान जरुरी है जो होठों से बढ़ कर आंखों तक पहुंचे.ऐसी मुस्कान हर दर्द , हर तनाव से आप को राहत देगी. इसलिए जीवन को खूबसूरत बनाना है तो खुल कर दिल से हंसिये. हंसने में कभी भी कंजूसी न करें.

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005


चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# चमकते चट्टान, ले सकती हैं जान, इसलिए रहें सावधान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जांजगीर-चाम्पा। जरा सी असावधानी बदल सकती है खुशियों को मातम मेंदेवरी के पिकनिक स्पॉट में जरूरी है एहतियात बरतना झिलमिलाती किरणेउगते सूरज के समय बिखरती सूरज की किरणे उगते सूरज के समय बिखरती सूरज की किरणे हो या फिर अस्त होने के समय सुनहरी रोशनी और बादलों के बीच झिलमिलाती किरणे।**



हदसेव नदी के बहते पानी में आधा बाहर तो आधा भीतर की ओर डूबा चट्टान जब बाहर से चमकता हुआ दिखाई देता है तो यह देखने वालों को बरबस ही अपनी ओर खींच लेता है। पानी की धार से तराशे गए इन चट्टानों में सूरज निकलने से लेकर सूरज के डूबने तक चमक ही नहीं होती, नुकीले और धारदार चट्टान कई स्थानों पर किसी को काटने, खरोंच पहुचाने से लेकर उन्हें अपनी गुफानुमा जगहों में कैद करने की क्षमता भी रखती है। बेशक यह देवरी का पिकनिक स्पॉट ही है, जो जांजगीर-चाम्पा जिले के बलौदा ब्लॉक में है और अपनी खूबसूरती तथा मनोरम दृश्य के लिए सभी को अपनी ओर आकर्षित करती है।

पर्यटन और सैर सपाटे के इस मौसम में मनोरम दृश्य हमें मजबूर करते हैं कि हम भी मस्ती और मनोरंजन के लिए परिवार तथा दोस्तों के साथ इन जगहों में जाएं। चूल्हा बनाकर आग जलाये, पसंद का खाना बनाये और आसपास के खूबसूरत सा नजारों को देखकर हमेशा के लिए अपनी यादगार तस्वीर कैमरों में कैद करें। मस्ती और मनोरंजन की यह ख्वाहिश यादगार लम्हों में तब तक कैद होती है, जब तक हम ऐसे स्थानों पर सुरक्षित जाये और सुरक्षित लौट आए, वर्ना जरा सी असावधानी और लापरवाही हमें कभी न भूल पाने वाली वह गम दे जाती है, जो किसी के मस्ती और मनोरंजन के समय बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए। कुछ ऐसा ही हादसा जिले के इस देवरी पिकनिक स्पॉट पर मंगलवार को हुआ। आपस में तय कर 8 नाबालिग छात्र यहां चले तो आए, किसी अनहोनी या हादसों की परवाह किए बगैर पानी में उतरकर नहाने लगे। दूर-दूर तक फैले हुए खतरनाक चट्टानों में पानी कितना है और खतरा कितना है ? इसकी परवाह किए बिना एक के बाद एक दो छात्र पानी में बह गए। देखते ही देखते पानी में समाहित होकर लापता हुए दोनों छात्रों को उनके दोस्त भी बचा नहीं पाए, क्योंकि ऐसे हादसों के वक्त डरना, सहमना लाजमी है और सूझबूझ के साथ कोई उपाय भी दिमाग में नहीं आ पाता। इस हादसे की सूचना पर अलर्ट हुई प्रशासन और पुलिस, नगर सेना, एसडीआरएफतथा ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर पूरी कोशिश की। दोनों छात्रों को बचाने ढूंढा गया, लेकिन चट्टानों के रेस्क्यू में रोड़ा बनने के बाद भी दो दिनों तक खोजबीन बदस्तूर जारी रहा।

आखिरकार जिंदगी और मौत के उम्मीदों के बीच नदी के पानी और चमकते चट्टानों के खोह से 26 और 40 घण्टे बाद दोनों की लाशे ही निकली। इस हादसे में एक परिवार का एकलौता चिराग बुझ गया, वहीं एक परिवार में सबसे बड़ी उम्मीदें भी बिखर गई। अब जो होना था सो हो गया। इसे लापरवाही कहें, हादसा या चूक कहें, लेकिन आगे किसी के साथ ऐसे हादसे न हों, इस दिशा में सतर्क होना भी जरूरी है। जिले में कई ऐसे पिकनिक स्पॉट है और इन पिकनिक स्पॉट के खूबसूरत नजारे आपको आकर्षित जरूर करेंगे।

## खास खबर

### कोण्डागांव नगर में नजूल एवं आबादी भूमि पट्टा प्रदाय हेतु सर्वेक्षण एवं सत्यापन जारी



**कोण्डागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार कोण्डागांव नगरीय क्षेत्र अंतर्गत नजूल भूमि एवं आबादी भूमि पट्टा प्रदाय हेतु सर्वेक्षण करने सहित आवेदन पत्रों का जांच कर मौका मुआयना करने के साथ ही सत्यापन किया जा रहा है। इसी कड़ी में गत दिवस डिप्टी कलेक्टर अमित गुप्ता के नेतृत्व में राजस्व विभाग एवं नगर पालिका परिषद की टीम द्वारा महात्मा गांधी वार्ड तथा भेलवांपदर वार्ड में कुल 30 परिवारों का सर्वेक्षण कर मौका मुआयना सहित सत्यापन किया गया। इस दौरान तहसीलदार विजय मिश्रा और राजस्व निरीक्षक, पटवारी तथा नगर पालिका परिषद के कर्मचारी मौजूद थे।

### सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की अध्यक्षता में दिशा समिति और सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

# जनकल्याण और विकास योजनाओं का सही ढंग से हो क्रियान्वयन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**गौरेला पेंड्रा मरवाही। कोरबा लोकसभा सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत की वर्चुअली अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के अरपा सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) और जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभागवार जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यो की समीक्षा करने के बाद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने कहा कि जनप्रतिनिधि जनता के सेवक है। जनता के कल्याण और विकास के लिए संचालित योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन कराना जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है।**



उन्होने कहा कि राशन, पेंशन, पेयजल, चिकित्सा सुविधा सहित सभी मूलभूत सुविधाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए। उन्होने जून माह के पहले कार्य योजना बनाकर निर्माणाधीन कार्यो को पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्रीमती महंत ने कहा कि जान-माल की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए टैऱफिक पुलिस द्वारा यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराएं। यातायात नियमों का पालन करने के लिए लोगों को जागरूक करें, अनिवार्य रूप से हेलमेट लगवाएं तथा गति नियंत्रण का पालन करवाएं। नियमों की अनदेखी करने पर जुर्माना भी लगाए।

बिलासपुर लोकसभा सांसद अरुण साव भी वर्चुअली रूप से बैठक में शामिल हुए। उन्होने कहा कि भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निगरानी कि लिए दिशा समिति एक फोरम के रूप में कार्य करता है। उन्होंने कहा कि योजनाओं और नीति का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को मिले, अनावश्यक रुकावट नहीं होना चाहिए। सभी अधिकारी अपने कर्तव्य का निष्ठा से निर्वहन करें और एक-एक रुपए का सदुपयोग करते हुए एकजुटता से कार्य करें और नए जिले को नई ऊंचाई तक ले जाए। विधायक डॉ. केके ध्रुव ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पेयजल के क्षेत्र में निर्माणाधीन एवं अधूरे कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण करें। उन्होने कहा कि मूलभूत कार्यों में डीएमएफ राशि का उपयोग करें तथा गर्मी मौसम के पहले पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जिला पंचायत अध्यक्ष बिलासपुर श्री अरुण चौहान ने कहा कि जिले के विकास को लेकर बैठक में गंभीर चर्चा हुई। जीपीएम जिला प्रगति की ओर अग्रसर है।

जिले के विकास के लिए जिला प्रशासन गंभीरता से कार्य कर रहा है जो कि सराहनीय है। अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य श्रीमती अर्चना पोर्ते ने मुआवजा, पेंशन, सहायक उपकरण सहित हितग्राही मूलक योजनाओं के तहत दी जाने वाली सहायता को लक्ष्य के अनुरूप पूरा करें।

बैठक में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मनरेगा, दीनदयाल अंत्योदय योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, समग्र शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति और उपलब्धियों की जानकारी दी।

# चेम्बर के 63वें वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि होंगे मुख्यमंत्री



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास जाकर मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री निवास पहुंचकर माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी को चेम्बर द्वारा दिनांक 10 जनवरी 2023 को को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, साइंस कॉलेज रायपुर में होने वाले चेम्बर के 63वें वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को आमंत्रित किया। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आमंत्रण को सहर्ष स्वीकार करते हुए चेम्बर के 63वें वार्षिक सम्मेलन में मुख्य अतिथि हेतु अपनी स्वीकृति प्रदान की।

इस अवसर पर चेम्बर प्रतिनिधि मंडल में चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल, प्रदेश प्रभारी (आई.टी.सेल) कैलाश खेमानी, उपाध्यक्ष-टी.श्रीनिवास रेड्डी, मनोज जैन, मंत्री-शंकर बजाज, नीलेश मूंधड़ा, जितेन्द्र गोलछा जैन, रायपुर आटोमोबाईल डीलर्स एसोसियेशन के अध्यक्ष विवेक गर्ग, सदस्य-मनीषराज सिंघानिया, अनिल अग्रवाल, उद्योग चेम्बर अध्यक्ष- अश्विन गर्ग, उपाध्यक्ष-विक्रम जैन, कोषाध्यक्ष-नीरज अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### कैट सहित देश के अन्य राष्ट्रीय संगठनों का ई-कॉमर्स पर हल्ला बोल

# संसदीय कमेटी द्वारा ई-कॉमर्स को प्रतिस्पर्धा-विरोधी करार देने पर सरकार तुरंत करे कार्रवाई - अमर पारवानी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं मीड़िया प्रभारी संजय चौंबे ने बताया कि वित्तीय मामलों की संसद की स्थायी समिति द्वारा अपनी एक हाल ही की रिपोर्ट में यह कहना की भारत में ई-कॉमर्स कंपनियां प्रतिस्पर्धा-रोधी प्रथाओं को अपना रही हैं और इससे पहले की वो बाजार पर कब्ज़ा कर लें, उनकी जांच की जरूरत है।**




वास्तव में भारत में ई-कॉमर्स व्यवसाय के वर्तमान परिदृश्य को दर्शाता है और कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स द्वारा इस मुद्दे पर एक लम्बे समय से उठाये जा रहे विभिन्न सवालों की पुष्टि भी करता है। कैट ने कहा की अगर ई-कॉमर्स के लिए भारत में संहिताबद्ध नियम लागू नहीं किए गए, तो विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों को ईस्ट इंडिया कंपनी का दूसरा संस्करण बनने में देर नहीं लगेगी जो देश के करोडो छोटे व्यापारियों के लिए एक बड़ा खतरा होगा।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने बताया कि एक संवाददाता सम्मेलन को कैट के साथ आल इंडिया मोबाइल रिटेलर्स एसोसिएशन (एमरा) एवं साउथ इंडिया ऑर्गनाइज्ड रिटेलर्स एसोसिएशन ने कहा कि भारत में ई-कॉमर्स व्यापार एक अनाथ या अवांछित बच्चे की तरह है क्योंकि यह देश में रिटेल व्यापार का एक महत्वपूर्ण अंग,जो तेजी से बढ़ रहा है होने के बावजूद भी अभी तक इसके लिए कोई कायदे एवं नियम नहीं बनाये गए हैं जिससे विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों को भारत में अपना मनमाना खेल खेलने का पूरा मौका मिल रहा है और ये कंपनियां देश के छोटे व्यापारियों को बर्बाद करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। व्यापारी नेताओं ने यह घोषणा की की इस मुद्दे पर सरकार पर दबाव बनाने तथा नियम एवं कायदे तुरंत घोषित किये जाने को लेकर विभिन्न वर्गों के राष्ट्रीय संगठनों का एक बड़ा फोरम बनाया जा रहा है जो संयुक्त रूप से एवं बेहद मजबूत तरीके से देश भर में इस मुद्दे पर एक बड़ा व्यापक आंदोलन छेड़ेगा।

श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा की संसद की वित्तीय स्थायी समिति की रिपोर्ट से पहले केंद्रीय प्रतिस्पर्धा आयोग, विभिन्न उच्च न्यायालय एवं सर्वोच्च न्यायालय ने विभिन्न मामलों में इन विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों को दोषी पाया गया है। विभिन्न सरकारी एजेंसियां इनके खिलाफजांच कर रही हैं। इन कंपनियों के पोर्टल के जरिये तेजाब, बम बनाने का सामान, गांजा आदि प्रतिबंधित वस्तुएं बिक रही हैं, ऐसे में अभी तक इन कंपनियों को देश में खुले रूप से व्यापार करने का मौका क्यों दिया जा रहा है ? क्यों इनके खिलाफसख्त कार्रवाई नहीं हो रही ? जांच के नाम पर क्यों समय व्यतीत करने का अवसर दिया जा रहा है ? क्या यह कंपनियां देश के क़ानून से भी ऊपर हैं ? श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा कि विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा अनियंत्रित ई-कॉमर्स गतिविधियों ने खुदरा व्यापार के 40 से अधिक उत्पाद श्रंखलाओं के व्यापार को बुरी तरह नष्ट कर दिया है और उनमें से सबसे ज्यादा विपरीत प्रभाव मोबाइल व्यापार पर पड़ा है। पिछले कुछ वर्षों में देश भर में 50 हजार से अधिक मोबाइल स्टोर बंद हो गए हैं। मोबाइल निर्माण करने वाली भारतीय कंपनियों की हालत भी इन विदेशी कंपनियों की वजह से खस्ता हो गई है। कैट सी.जी. चैप्टर के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन एवं प्रदेश महामंत्री श्री सुरिन्द्रर सिंह ने कहा कि इन कंपनियों के बिजनेस मॉडल का खुलासा करते हुए व्यापारी नेताओं ने कहा कि ये ऑनलाइन प्लेटफॉर्म वर्तमान में अपने व्यापार करने के तरीके से टैक्स चोरी करने का जरिया बन गए हैं। इनके पोर्टल पर प्रत्यक्ष में सामानों की प्राथमिक बिक्री ऑनलाइन इनके चहेते लोगों को होती हैं जहाँ से अनधिकृत वैकल्पिक चैनलों के माध्यम से वो सामान ऑफ्लाइन में कम दामों पर इनके अपने विक्रेताओं द्वारा बेचा जाता है। यह कंपनियां सप्लाई चेन जिसमें डिस्ट्रीब्यूटर, स्टॉकिस्ट और रिटेलर को बाजार से बाहर कर रही हैं जो अर्थव्यवस्था के सेहत के लिए ठीक नहीं है

### फरसगांव जनपद सीईओ के रवैया से जनप्रतिनिधि परेशान, विधायक को शिकायत करने पहुंचे

# सीईओ मैडम जनप्रतिनिधियों से करती है दुर्व्यवहार, नहीं होने देती विकास का कार्य-शिशकुमारी चनाप

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोंडागांव/केशकाल।** केशकाल विधानसभा के फरसगांव जनपद पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर निकिता मरकाम पर जनप्रतिनिधियों के साथ उचित व्यवहार न करने एवं अवहेलना करने का आरोप लगा है। शनिवार को जनपद पंचायत अध्यक्ष शिशकुमारी चनाप एवं उपाध्यक्ष सुखलाल मरकाम समेत सभी 20 जनपद सदस्यों ने केशकाल विधायक संतराम नेताम से मुलाकात कर लिखित शिकायत पत्र देते हुए उक्त सीईओ को हटाने की मांग की है। जिस पर विधायक संतराम नेताम ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, आदिम जाति कल्याण मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम एवं स्थानीय प्रशासन को पत्र लिख कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।



इस सम्बंध में जनपद पंचायत अध्यक्ष शिशकुमारी चनाप एवं उपाध्यक्ष सुखलाल मरकाम ने बताया कि जनपद सीईओ निकिता मरकाम के द्वारा शासकीय कार्यों में टालमटोल किया जाता है। जनप्रतिनिधियों के साथ सही व्यवहार नहीं किया जाता साथ ही सरपंच सचिवों के साथ तालमेल स्थापित ना होने के कारण हमारे जनपद क्षेत्र में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं।

हमें ऐसे अधिकारियों की आवश्यकता नहीं है जिनकी वजह से क्षेत्र में विकासकार्य अवरुद्ध हों। और यदि जल्द से जल्द उक्त सीईओ पर कोई कार्यवाही नहीं की जाती है तो आगामी दिनों में हम जनपद कार्यालय के समक्ष आमरण अनशन तक करने पर बाध्य होंगे। वही विधायक संतराम नेताम ने कहा कि लगभग तीन-चार माह पहले भी जनपद पंचायत के प्रतिनिधियों ने मुझसे जनपद सीईओ निकिता मरकाम जी की शिकायत की थी।

जिस पर मैंने सीओ मैडम से बातचीत करके उन्हें जनप्रतिनिधियों को साथ लेकर चलने का आग्रह किया था। लेकिन सीईओ मैडम पर मेरी बात का भी कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। क्योंकि जनपद पंचायत के सभी प्रतिनिधि एकमत होकर यह चाहते हैं कि सीईओ मैडम का तबादला करवाया जाए। इसके लिए मैंने राज्य शासन और स्थानीय प्रशासन को पत्राचार कर दिया है जल्द ही उचित कार्यवाही की जाएगी।




















# पत्रकार की हत्या कर जंगल में जला दिया था शव, गांव का सरपंच निकला मास्टरमाइंड

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कबीरधाम।** जिले में पत्रकार की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पत्रकार अचानक घर से लापता हो गया था। लगभग 40 दिन तक पुलिस खाक छानती रही इसके बाद पता चला कि पत्रकार की हत्या कर शव को जंगल में जला दिया गया है। खासबात यह है कि हत्या का मुख्य आरोपी गांव का सरपंच निकला। हत्या के बाद सरपंच ने अपने तीन साथियों के साथ शव को ठिकाने लगाया था। शनिवार को इस सनसनीखेज मामले का खुलासा एसपी लाल उमेंद सिंह ने किया।

दरअसल पत्रकार एवं आरटीआई कार्यकर्ता विवेक चौबे 12 नवंबर 2022 को अपने घर से निकले उसके बाद वापस नहीं लौटे। इस मामले में कबीरधाम थाने में शिकायत दर्ज कराई गई उसके बाद से पुलिस उसकी तलाश करती रही। पुलिस ने सबसे पहले विवेक चौबे का मोबाइल लोकेशन सर्च किया तो 12 नवंबर को लोकेशन ग्राम कुण्डपानी थाना चिल्फी की ओर मिला। इसके बाद 13 नवंबर 2022 को उसका मोबाईल दोपहर 2 बजे बोड़ला क्षेत्र के सुकवापारा में बंद हो गया था।

इसके बाद पुलिस ने रास्तों में लगे सभी सीसी टीवी फुटेज चेक कर लिए। कई लोगों से पूछताछ की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। इस बीच विवेक चौबे के घर पर अनजान व्यक्ति का फोन आया उसकी इंक्वायरी की गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने उस मोबाइल धारक को पकड़ा तो पता चला कि दो व्यक्तियों ने उससे मोबाइल लेकर कॉल किया था। अब भी पुलिस के हाथ खाली लेकिन पुलिन ने अब जांच की दिशा बदली।

पुलिस ने अंतिम मोबाइल लोकेशन के आधार पर आसपास के जंगलों में तलाश की। चरवाहो से पूछताछ की गई लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। इसके बाद अचानक एक दिन पुलिस को सूचना मिली कि धवईपानी से कुण्डपानी की ओर जाने वाले रास्ते पर फारेस्ट के पेट्रोलिंग कैम्प के अंदर जंगल पहाड़ी की ओर जले हुए राख का ढेर है, जिसमें हड्डियो के टुकड़े दिखाई दे रहे हैं। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और हड्डियो के परीक्षण के लिए मेकाहारा रायपुर भेजा गया।

इसके बाद पुलिस को गुमशुदा विवेक चौबे की बोक्करखार सरपंच अमित यादव हत्या किए जाने की सूचना मिली। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेही सरपंच अमित यादव और उसके साथी नंदलाल मेरावी, सुखसागर यादव एवं जगदीश धुर्वे को हिरासत में लेकर अलग अलग पूछताछ की। पूछताछ में सभी ने पुलिस को गुमराह करने का भरसक प्रयास किया लेकिन बाद में अमित यादव ने हत्या की बात मान ली।

दूसरे दिन 13 नवंबर को अपने गांव के अन्य व्यक्ति को कवर्धा में काम है, कहकर अपने साथ लेकर आया और ग्राम कुण्डपानी, चिल्फी होते हुए बोड़ला आये वहां अमित यादव ने पत्रकार विवेक चौबे के मोबाईल से वकील को कॉल किया। ताकि पुलिस गुमराह हो जाए। अमित यादव के के बताए अनुसार की उसके साथियों ने भी यही बाते दोहराई। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर पत्रकार की हड्डियां व गड्डे में दफ्न मोटरसाइकिल बरामद किया।





### विवाद के बाद हत्या और शव को लगाया ठिकाने

पुलिस पूछताछ में सरपंच अमित यादव ने बताया कि 12 नवंबर शाम पांच बजे पत्रकार विवेक चौबे उससे मिलने ग्राम बोक्करखार आया था। रात तक साथ में रहे। रात के समय दोनों के मध्य विवाद हुआ इसके बाद अमित यादव ने गुस्से में आकर उसे मुक्का से मारा जिससे वह अपने मोटर सायकल से गिर गया। इसके बाद विवेक चौबे उठने का प्रयास किया तो पास रखे गेड़ा से उसके पैर व सिर में जोरदार प्रहार किया जिससे वह बेहोश हो गया। सरपंच ने जब पास जाकर देखा तो पता चला कि वह मर चुका है। इससे वह घबरा कर अपने भाई सुखसागर यादव सिहत नंदलाल मेरावी और जगदीश धुर्वे को बुलाकर पत्रकार विवेक चौबे के शव को ठिकाने लगाने का प्लान बनाया। पत्रकार विवेक चौबे के शव को गांव से दूर जंगल की ओर ले जाकर पहाड़ी में उसके शव को पास पड़े लकड़ियो के मदद से जला दिया। उसके बाद उसके मोटर सायकल को भी छिपाने के लिए अपने साथियों को बोला। जिस पर सुखसागर यादव और नंदलाल मेरावी ने मोटर सायकल को जंगल में और दूर ले जाकर गड्ढा खोदा और उसमें दफन कर दिया। वहीं मोबाइल अपने पास रख लिया। फिर रातभर जंगल में रहे और सुबह अपने अपने घर लौट गए।

# कोरबा में युवती की चाकू से गोदकर हत्या अज्ञात आरोपी ने चाकू से किए 18 वार

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा।** यहां के पंप हाउस कॉलोनी में शनिवार को 20 वर्षीय युवती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। युवक के शरीर पर 18 बार चाकू से वार किया गया। हत्या के बाद आरोपी फरार हो गया है। करीब 11 बजे युवती का छोटा भाई घर पहुंचा तो उसने खून से लथपथ बहन की लाश देखी और पिता को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम ने युवती को अस्पताल भी पहुंचाया लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में सीएसईपी चौकी पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार पंप हाउस कॉलोनी निवासी बुधराम पन्ना की 20 वर्षीय बेटी नील कुसुम पन्ना की बेरहमी से हत्या कर दी गई। बुधराम मजदूरी करता है और उसकी पत्नी डीएवी स्कूल में आया का काम करती है। शनिवार को स्कूल में एनुअल फंक्शन होने से वह सुबह जल्दी चली गई। उसका बेटा नितेश उसे छोड़ने चला गया और पिता भी मजदूरी करने चला गया। इस दौरान युवती घर में अकेली थी।

लगभग 11 बजे नितेश घर पहुंचा, तो सामने का जालीदार दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज लगाने पर भी घर से कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद नितेश पीछे से घर मे दाखिल हुआ तो फर्श पर बहन की खून से लथपथ लाश पड़ी हुई थी। इसके बाद उसने अपने पिता को सूचना दी। पिता ने घर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डॉग स्क्वायड को बुलाया।

घटना के संबंध में नगर पुलिस अधीक्षक विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि शुरुआती जांच में हत्या की बात सामने आई है। घर पुलिस को कुछ आपत्तिजनक सामान भी मिले हैं और युवती के कपड़े भी अस्तव्यस्त थे। घर पर कोई आया है ओर संभवत: प्रेम प्रसंग व आपसी विवाद के बाद हत्या की गई है। फिलहाल आसपास लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बाइक में घूम-घूम कर लूट, पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** स्पोर्टस बाइक में घूम-घूम कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आदतन अपराधी गिरफ्तार किये गए हैं। तीनों आरोपी शुक्रवार को उरला क्षेत्र में विष्णु निषाद से मारपीट कर नकदी लूटी थी। इसके अलावा आरोपियों ने 9 मोबाइल फोन लूट की घटनाओं को भी अंजाम दिया था। तीनों आदतन व शातिर अपराधी है।

तीनों के खिलाफ थाना उरला में पहले भी लूट, आगजनी, मारपीट, आर्म्स एक्ट सहित अन्य कई मामलों में जेल जा चुके हैं। इनके कब्जे से लूट की 9 मोबाइल फोन, नगदी रकम 2080 रुपए, 1 आधार कार्ड और यामाहा मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 04 एम जेड 4523 सभी की कुल कीमत 2 लाख 50 हजार रुपए जब्त किया गया है।

## आंगनबाड़ी से छुटे बच्चे और भरभराकर गिरा भवन, बड़ा हदसा टला

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कोरबा।** जिले के एक आंगनबाड़ी की छत भरभराकर गिर गई। हादसा जब हुआ उसके कुछ देर पहले की बच्चों की छुट्टी हुई थी और कार्यकर्ता व सहायिका भी बाहर निकल चुके थे। एक तरह से देखा जाए तो एक बड़ा हादसा टल गया है। छत गिरने की घटना कुछ देर पहले होती तो कई बच्चों की जान पर बन आती। हादसे के बाद सभी के मन में बस यही बात चल रही थी। बताया जा रहा है कि आंगनबाड़ी केन्द्र की जर्जरता की शिकायत कई बार की गई लेकिन किसी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम कोरबा के अंतर्गत रिशदी के वार्ड क्रमांक-32 में यह आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा था। केन्द्र का भवन बेहद जर्जर हो चुका था इसके बाद भी बच्चों को यहां बिठाया जा रहा था। शुक्रवार को भी रोजाना की तरह बच्चे आए और छुट्टी के बाद चले गए। इधर बच्चों की छुट्टी हुई और उधर आंगनबाड़ी केन्द्र का जर्जर भवन भरभराकर गिर गया। चंद मिनटो का फासला था जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

# सड़क हादसे में कांग्रेस नेता की मौत जिला वनोपज संघ के थे अध्यक्ष

श्रीकंचनपथ न्यूज



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर-अंतागढ़ मार्ग पर शनिवार दोपहर को सड़क हादसे में स्थानीय कांग्रेस नेता की मौत हो गई। कांग्रेस नेता आपनी मोटर साइकिल से भानूप्रतापपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान खंडी नदी के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गए। उनके सिर पर गंभीर चोट लगी थी जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में उनकी बाइक भी बुरी तरह से क्षततग्रस्त हो गई थी।

मिली जानकारी के अनुसार कांकेर जिला वनोपज संघ के अध्यक्ष व कांग्रेस नेता अशोक हिड़ामी की हादसे में मौत हो गई। अशोक हिड़ामी की पत्नी सुलोचना हिड़ामी सोने कन्हार गांव की सरपंच हैं और वे मीटिंग के लिए भानुप्रतापपुर गए थे। मीटिंग होने के बाद सरपंच पत्नी को गांव छोड़ा और फिर भनुप्रतापपुर की ओर चल दिए। इस दौरान खंडी नदी के पास उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार ठोकर मार दी।

हादसा इतना भयानक था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। वहीं हादसे में अशोक हिडामी के सिर पर गंभीर चोट लगी जिसके कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। आसपास गुजर रहे लोगों ने हिडामी को लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद पुलिस ने इस मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश की जा रही है।

## खास खबर

### जतमई धाम में बस ने महिलाओं को रौंदा, भिलाई निवासी महिला व बच्चे की मौत

**भिलाई।** गरियाबंद जिले में शनिवार को हुए एक हादसे में कोहका भिलाई की एक महिला व उसके पांच माह के बच्चे की मौत हो गई है। हादसे के समय महिला अपने बच्चे को दूध पिला रही थी और बाकि महिलाएं पार्किंग में बैठी हुई थी। इस दौरान टूरिस्ट बस ने बैक लेते हुए तेजी से कुचलते हुए निकल गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। घटना गरियाबंद जिले के छुरा थाना क्षेत्र का है।

मिली जानकारी के अनुसार कोहका साहू समाज से जुड़ी कुछ महिलाओं को ग्रुप शनिवार को गरियाबंद जिले के जतमई धाम गया था। दोपहर दो से ढ़ाई बने के बीच महिलाएं पार्किंग में बैठी हुई थी। इस दौरान कोहका निवासी सुमन धनेश्वर साहू भी वहीं बैठी अपने पांच माह के बच्चे को दूध पिला रही थी। इस दौरान अचानक टूरिस्ट बस बैक लेता हुआ तेजी से पीछे की ओर आया महिलाओं को रौंद दिया। हादसे में कोहका भिलाई निवासी सुमन साहू की मौके पर ही मौत हो गई और अन्य महिलाएं व बच्चा भी घायल हो गया। सभी को अस्पताल ले जाया गया जहां बच्चे ने भी दम तोड़ दिया। इस हादसे की सूचना के बाद कोहका में साहू परिवार के घर मातम का माहौल है। बताया जा रहा है कि जिस बस ने महिलाओं को रौंदा है वह भी दुर्ग की है। हादसे के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया।

### मालकिन के घर लाखों की ज्वेलरी चोरी, आरोपी महिला समेत ज्वेलर गिरफ्तार

**रायपुर (ए)।** मालकिन के घर चोरी करने वाली आया और ज्वेलरी संचालक को गिरफ्तार किया गया है। साथ ही आरोपी के कब्जे से चोरी जेवरातों को गलाकर बनाया गया बिस्किट, स्टोन कुल वजनी लगभग 103 ग्राम एवं नगदी रकम 8 हजार 500 रुपये जब्त किया गया।

पुलिस के मुताबिक, जैस्मीन आरा खातून ने थाना खम्हारडीह में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह श्रृष्टि प्लाजो खम्हारडीह रायपुर में रहती है। पति विदेश में रहते हैं तथा उन्हें भी विदेश जाना था, जिससे वह अपने घर का सामान पैक करवा रही थी। कुछ दिनों पूर्व प्रार्थिया ने अपन जेवर आलमारी में रखा था, कि 23 दिसंबर को सामान पैकिंग के समय देखा तो उसके सोने के जेवरात आलमारी में नहीं थे। कोई अज्ञात चोर आलमारी में रखें लाखों रुपये कीमत के सोने के जेवरातों को चोरी कर ले गया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना खम्हारडीह में अपराध दर्ज किया गया। इस रिपोर्ट के बाद एंटी क्राइम एंड साईबर यूनिट तथा थाना खम्हारडीह पुलिस की संयुक्त टीम ने घटना के संबंध में प्रार्थिया से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। टीम के सदस्यों द्वारा प्रार्थिया के घर में उसके बच्चे की देख-रेख करने वाली धरौनी उर्फ लक्ष्मी साहू से भी घटना के संबंध में विस्तृत पूछताछ किया गया। धरौनी उर्फ लक्ष्मी साहू से पूछताछ करने पर वह बार-बार अपना बयान बदलती थी एवं घटना के संबंध में गोलमोल जवाब देकर टीम को लगातार गुमराह करने का प्रयास करती थीं, जिससे टीम के सदस्यों को उस पर गहरा शक हुआ।

### कार और बाइक के बीच भिड़ंत नाबालिग की मौत

**रायपुर (ए)।** राजधानी में सड़क दुर्घटना थमने को नाम नहीं ले रही है। एक बाइक और कार जबरदस्त टक्कर हो गई है। इस हादसे में बाइक सवार एक नाबालिग की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि एक नाबालिग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, घटना तेलीबांधा थाना क्षेत्र के वीआईपी रोड की है।बताया जा रहा है कि बाइक सवार दोनों नाबालिग थे। जिसमें एक की मौके पर ही मौत हो गई है। वहीं कार ड्राइवर को भी अस्पताल में लो ब्लड प्रेशर की शिकायत के चलते भर्ती कराया गया है।

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई,
फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट
सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में
रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### संभाग स्तरीय दो दिवसीय युवा उत्सव में दो हजार से अधिक प्रतियोगी ने 38 विधाओं में दिखाया प्रतिभा

**दुर्ग।** 22 व 23 दिसंबर को दो दिवसीय संभाग स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन सुराना कॉलेज ग्राउंड दुर्ग में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू (गृह, लोक निर्माण, धार्मिक न्यास, धर्मस्व एवं पर्यटन मंत्री छत्तीसगढ़ शासन) एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि अरुण वोरा जी ( विधायक दुर्ग एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ भंडार निगम) ने स्वामी विवेकानंद , मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत किया। कार्यक्रम में उद्घाटन अवसर पर की अध्यक्षता अरुण वोरा ने किया। विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती शालिनी यादव (अध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग) धीरज बाकलीवाल , (महापौर दुर्ग) श्रीमती शशि सिन्हा (महापौर रिसाली निगम) एवं दुर्वासा टंडन संगीतकार थे। 2 दिनों तक चले इस युवा उत्सव में कुल 7 जिले से आए कुल 1200 पुरुषों, 850 महिलाएं एवं 250 ऑफिसियल्स सहित कुल 2250 कलाकारों एवं खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। युवा उत्सव में38 विधाओं के कलाकारों ने लोक नृत्य ,लोक गीत ,लोक संगीत भरतनाट्यम, कुचिपुड़ी,बस्तरिहा नृत्य, राऊतनाच ,तबला ,बांसुरी वादन आदि विधाओं में भाग लिया। अतिथियों का स्वागत एडीएम अरविंद एक्का , एडीएम जागेश्वर कौशल एवं सातो जिला से आए कीड़ा अधिकारियों ,सहायक संचालक विलियम्स लकड़ा (खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग), ए.एक्का ( सहायक संचालक खेल युवा कल्याण राजनांदगांव ), अभय जायसवाल (जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग), अमित घोष (सहायक संचालक), श्रीमती कल्पना स्वामी (संभागीय क्रीड़ा अधिकारी),कन्हैया पटेल खैरागढ़ क्रीडा प्रभारी अधिकारी), नरेंद्र ठाकुर (प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी बालोद)ने बेच लगाकर एवं पुष्प गुच्छ देकर अतिथियों का स्वागत किया। युवा उत्सव के प्रथम दिन 15 वर्ष से 40 वर्ष तक के महिला पुरुष वर्ग के कलाकारों एवं खिलाड़ियों की विधि बताएं संपन्न कराया गया।

### खेल मनुष्य के सवार्गीण विकास के लिए आवश्यक है - हर्ष साहू

**दुर्ग।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा स्तरीय विधायक ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता के पांचवें दिन कुल 7 मैच खेला गया। जिसमें प्रथम मैच चंदखुरीअ और चंदखुरी ब के मध्य खेला गया जिसमें चंदखुरी अ ने पहले बल्लेबाजी करते हुऐ 6 ओवर में 9 विकेट खोकर 67 बनायें जवाब में चंदखुरी की टीम 6 ओवर 7 विकेट खोकर 37 रन ही बना पाई। इस तरह यह मैच चंदखुरी अ 32 रनों जीता। इस मैच के मैन ऑफद मैच रूपेश रहे। प्रतियोगिता के दुसरे दिन मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, समाज सेवी हर्ष साहू,नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, पार्षद तोषण साहू ,जनपद सदस्य राकेश हिरवानी,जनपद सदस्य मनीष चन्द्राकर, डॉ जे डी,डी पी चन्द्राकर, पाऊवारा सरपंच वामन साहू, चेलक,दिग्विजय सिन्हा ,पूर्णिमा चन्द्राकर,पंडित महेंद्र पांडे उपस्थित रहे। इस अवसर हर्ष साहू ने कहा कि खेल मनुष्य के सवार्गीण विकास के लिए आवश्यक है। वर्तमान दौर में क्रिकेट सर्वाधिक लोकप्रिय खेल है। खेल मनुष्य में ऊर्जा जागृत करने के साथ ही सकारात्मक भाव भी जागृत करता है।

# इस्पात नगरी में दिखी क्रिसमस की धूम, गिरिजाघरों में हुई विशेष प्रार्थना, दिनभर चला बधाइयों का दौर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। इस्पात नगरी में रविवार को क्रिसमस की धूम रही। प्रभु यीशू के आगमन का दिन शहर के गिरिजाघरों में क्रिसमस धूमधाम से मनाया गया। हाथों में कैडल लेकर प्रभु यीशु से अपनी विश मांगकर सभी ने क्रिसमस के दिन अपनों के लिए दुआएं मांगी। रविवार की सुबह ट्विनसिटी के चर्च में लोगों की भीड़ लगी रही।शहर भर के चर्च में रविवार सुबह कैरोल गीतों के माध्यम से अमन के राजकुमार के आने का संदेश दिया। सुबह सभी चर्च में विशेष प्रार्थना सभा हुई ।





इस मौके पर भिलाई के क्रिश्चियन कम्युनिटी चर्च, कैथोलिक चर्च, दुर्ग के मेनोनाइट चर्च सहित तमाम चर्चों में फादर ने स्पेशल प्रेयर की। भिलाई के सेक्टर 6 के सीसी चर्च में फादर अर्पण तरूण ने बाइबिल के संदेशों के माध्यम से प्रभु यीशु के आगमन का उद्देश्य बताया। उन्होंने कहा कि विधि के विधान को कोई नहीं बदल सकता,लेकिन प्रभु में वो ताकत है, क्योंकि वे स्वयं विधि के विधाता है। फादर अर्पण तरूण ने कहा कि हमारा उद्धार प्रभु के अलावा और कोई नहीं कर सकता। उन्होंने इस मौके पर देश-प्रदेश और शहर में भाईचारे और शांति के साथ-साथ कोविड से सभी को सुरक्षित रखने के लिए भी प्रेयर की। प्रेयर के बाद चर्च में कैरोल सिगिंग की प्रस्तुति दी गई जिसमें मसीही गीतों के जरिए प्रभु के संदेश को बताया गया। इस दौरान सांताक्लाज ने भी बच्चों को गिफ्ट दिया। चर्च में प्रेयर के बाद सभी ने एकदूसरे को गले लगाकर क्रिसमस की बधाई दी। इस मौके पर सेक्टर 6 में मानव एकता समिति के सदस्यों जिसमें गायत्री परिवार, सिख समाज, मुस्लिम समाज के लोगों ने चर्च में जाकर क्रिसमस की बधाई दी।

#### एक दिन पहले शुरू हुआ सेलीब्रेशन

क्रिसमस के एक दिन पहले ही घरों, चर्च में गौशाला सज चुकी थी वहीं विशेष रोशनी भी की गई। विशेष झांकियां भी चर्च में आकर्षण का केन्द्र रही। चर्च पहुंच सभी ने कैंडल जलाकर अपनी विश भी मांगी। घरों में क्रिसमस पार्टी का भी आयोजन किया गया। जिसमें मसीही परिवार में उनके रिश्तेदारों, दोस्तों और पड़ोसी शामिल हुए। डांस-म्यूजिक मस्ती के बीच सभी ने क्रिसमस पार्टी का मजा लिया।

## जहां प्रेम होता है, वहीं भगवान का वास होता है - पंडित तोरण महाराज

श्रीकंचनपथ न्यूज

दुर्ग। सार्वजनिक हनुमान मंदिर पतोरा के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान सुमधुर भजनों के धुन पर श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के स्वागत में जमकर झूमे। स्थानीय बाल कलाकारों ने कृष्ण जन्म की झांकी प्रस्तुत की। इस दौरान पंडित तोरण महाराज के भावपूर्ण प्रवचन ने श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।



पंडित तोरण महाराज ने कथा के चौथे दिन वामन अवतार और समुद्र मंथन की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि जहां प्रेम होता है, वहीं भगवान का वास होता है। इसलिए घरों में आपसी प्रेम को महत्व दिया जाना चाहिए। उन्होंने वामन अवतार के कथा प्रसंग पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि कभी भी धर्म से जुड़े हुए कार्य में बाधा नहीं बनना चाहिए। भगवान वामन को दक्षिणा के दौरान संकल्प में दैत्य गुरू शुक्राचार्य ने यह बाधा उत्पन्न करने की कोशिश की। जिससे उन्हें आंख गंवानी पड़ी और सदैव अंधकार का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि धर्म के कार्य में बाधा पैदा करने वाले का जीवन भी अंधकार हो जाता है। इसलिए धर्म के कार्य पर निरंतर सहयोग की भावन रखनी चाहिए।

#### विचारों के मंथन से निकलता है अमृत

पंडित तोरण महाराज ने समुद्र मंथन की कथा के दौरान मौजूदा दौर में आ रही विचारों में विकृति पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि विचार शुद्ध होना चाहिए। इसके साथ ही विचारों का मंथन भी जरूरी है। विचारों का मंथन होगा तभी समुद्र मंथन की भांति जीवन में भी अमृत रूपी सूखों की प्राप्ति होगी। उन्होंने कहा कि सुखों से पहले हलाहल की तरह बुराइयों का सामना करना पड़ात है।

#### धर्म परिवर्तन माता-पिता बदलने की तरह

पंडित तोरण महाराज ने धर्म परिवर्तन के मामलों को समाज के लिए बेहद घातक करार देते हुए कहा कि यह माता-पिता को बदल लेने जैसा महापाप है। उन्होंने कहा कि आप धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म भी आपकी रक्षा करेगा। धर्म पर विश्वास को कभी डिगने नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि मार्ग अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन ईश्वर एक है। धर्म बदलने से ईश्वर को प्राप्त नहीं किया जा सकता।

### विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर

**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति संत आशाराम बापू आश्रम, नन्दिनी नगर अहिवारा के तत्वावधान में 24 और 25 दिसंबर दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ, आयोजन शीतकालीन अवकाश के सदुपयोग एवं विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से उन्नत बनाने हेतु सन्त आशारामजी बापू आश्रम, नन्दिनी नगर (अहिवारा) में विद्यार्थी उज्जवल भविष्य निर्माण शिविर का आयोजन 24 से 25 दिसंबर तक किया गया है ।

## नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिवकुमार डहरिया से विधायक व महापौर ने विकास कार्यो के लिए राशि की मांग पत्र सौंपे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत साई द्वार स्थित सतनामी भवन में सतनामी समाज द्वारा से संत बाबा गुरु घासीदास जयंती कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि नगरीय प्रशासन विकास मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया,विधायक अरुण वोरा,महापौर धीरज बाकलीवाल ने संत बाबा गुरु घासीदास और जैतखाम पर फूल चढ़ाकर पूजा अर्चना किया।इस अवसर पर मंत्री शिव कुमार डहरिया,विधायक अरुण वोरा व महापौर धीरज बाकलीवाल ने गुरु घासीदास जयंती की शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर विधायक अरुण वोरा के मौजूदगी में महापौर धीरज बाकलीवाल ने नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया को

स्वीकृती एवं अनुदान उपलब्ध करने हेतु विकास कार्यो के लिए मांग पत्र सौपा,महापौर ने मंत्री से इन कार्यो के लिए राशि मांगी वार्ड क्र 50 पूर्व बोरसी भांठा में मुक्तिधाम निर्माण किए दुर्ग क्षेत्रांतर्गत वार्ड क्रमांक 50 पूर्व बोरसी भाठा दुर्ग में मुक्तिधाम में शेड, बाउंड्रीवाल, अस्थि रखे जाने लाकर,



प्याऊ तथा बैठक व्यवस्था कार्य की लागत राशि रू. 54.27 लाख का प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किया जा रहा है। नगर पालिक स्थित 06 नग तालाबों के सौंदर्यीकरण कार्य हेतु प्रस्ताव प्रेषित निगम, दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत 06 नग तालाब सौंदर्यीकरण कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति सहित अनुदान राशि राशि रू. 434.85 लाख नगर पालिक निगम दुर्ग को प्रदान करने की महती कृपा करेंगे। वार्ड क्र. 52 बोरसी में अटल आवास से लेकर द्वारिकापुरी के पीछे तक सीमेंट सड़क निर्माण कार्य की अति आवश्यकता है। इस हेतु राशि रू. 49.68 लाख की प्राक्कलन तैयार कर आपकी ओर सादर प्रेषित की जा रही है। प्रस्तावित स्थल पर सीमेंट सड़क निर्माण हेतु राशि रू. 49.68 लाख नगर पालिक निगम, दुर्ग को अनुदान स्वरूप प्रदान।शहीद भगत उत्तर वार्ड 20 आदित्य नगर में विगत 35 वर्षो से भी अधिक समय से हाउसिंग बोर्ड द्वारा कालोनी हेतु सीवरेज लाईन निर्माण किया गया था। परंतु समय के साथ तथा नल, नाली एवं सड़क निर्माण खुदाई से वह खराब हो चुका है तथा जगह-जगह गंदा पानी सड़क में बाहर आता रहता है। बारिश के दिनों में सीवरेज का गंदा पानी सड़को एवं घरो में भी फैल जाता है। जिसमें कालोनी वासियों तथा आसपास के आने जाने वालों को बहुत समस्या/बदबू सहन करना पडता है। नागरिको के स्वास्थय खराब होने तथा बीमारी फैलने का भी भय लगातार बना रहता है।

आदित्य नगर वार्ड 20 मे संल्गन स्टीमेट अनुसार नया सीवरेज लाईन बिछाये जाने हेतु 64,90,484 / - अक्षरी चौसठ लाख नब्बे हजार चार सौ चौरासी रुपये मात्र की राशि की मांग की गई साथ ही प्रेस क्लब एवं इंदिरा मार्केट के पुराने भवनों के जिर्णोधार के कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति के लिए इंदिरा मार्केट प्रेस काम्पलेक्स के जीर्णोधार हेतु राशि रू.200.00 लाख की स्वीकृति प्रदान करने हेतु सहमति संदर्भित पत्र के माध्यम से प्रदान की गयी थी। महापौर ने नगरीय प्रशासन मंत्री से चर्चा कर बताया कि इंदिरा मार्केट व्यावसायिक परिसर के संधारण हेतु राशि रू.200.00 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति एवं अनुदान से होनी है।सभी 5 कार्यो के लिए मांग पत्र सौपे।इस दौरान एमआईसी सदस्य दीपक साहू, आरके पांडेय,मोहित मरकाम, विकास दामाहे सहित अन्य मौजूद रहें।

### शासकीय भूमि से अवैध रूप से संचालित कबाड़ दुकान को हटाया गया



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत इंदिरा नगर,बघेरा वार्ड 56 सुलभ शौचालय के बाजू में इमरान द्वारा अवैध रूप से कबाड़ी दुकान संचालित था।जिसे भू-स्वामित्व संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया था। दस्तावेज प्रस्तुत नही करने के कारण आज निगम द्वारा जेसीबी चलाकर अवैध निर्माण तोड़कर कब्जा में लिया गया।

कल देर शाम निरीक्षण के दौरान आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी के निर्देश पर दस्तावेजों का परीक्षण किया गया। अवैध अतिक्रमण कर शासकीय भूमि पर कबाड़ दुकान का बेधड़क व्यवसाय किया जा रहा था। व्यवसाय संचालन की अनुमति, भूस्वामित्व सम्बन्धी दस्तावेज एवं बिल्डिंग परमिशन की कापी प्रस्तुत नही किये जाने पर आज आयुक्त आईएएस लक्ष्मण तिवारी के नेतृत्व में भवन अधिकारी गिरीश दीवान,स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, सहायक भवन निरीक्षक विनोद मांझी,सहायक बाजार अधिकारी थानसिंह यादव,ईश्वर वर्मा,भुवन दास साहू,मनोहर गोस्वामी,संकेत धर्माकर सहित कोतवाली पुलिस टीम मौजूद रहें।

नगर निगम ने शनिवार को सरकारी जमीन पर कबाड़ी संचालक से जेसीबी द्वारा कब्जे से मुक्त करा लिया। यह जमीन इंदिरा नगर बघेरा स्थित सुलभ शौचालय के बाजू रिक्त सरकारी जमीन पर काफी लम्बे समय से अवैध अतिक्रमण पर था।

#### बीएसपी ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में की महत्वपूर्ण पहल

## कोक ओवन बैटरी में अपशिष्ट प्लास्टिक कणिकाओं का पुन: उपयोग करने हेतु प्लास्टिक बीड चार्जिंग सुविधा का संयंत्र के निदेशक प्रभारी ने किया उद्घाटन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। बीएसपी के निदेषक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने 23 दिसम्बर 2022 को कोक ओवन के कोल हैंडलिंग प्लांट-2 में प्लास्टिक बीड चार्जिंग सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक निर्विक बनर्जी, बीएसपी के कार्यपालक निदेषक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेषक ए के चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण विषेष रूप से उपस्थित थे।




इस प्रकार छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण बोर्ड के अनुमोदन से कोक ओवेन बैटरी क्रमांक 5,6,9,10 में कोयले के साथ-साथ प्लास्टिक ग्रेन्यूल्स का प्रायोगिक उपयोग प्रारंभ किया गया है। यह सुविधा आरडीसीआईएस, सेल के परामर्श से कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग द्वारा इन-हाउस संसाधनों के साथ स्थापित की गई है और इसका उद्देश्य कोक बनाने की प्रक्रिया में कोयले के साथ-साथ कचरे के रूप में प्लास्टिक के दानों को मिलाना है। बीएसपी निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, द्वारा उद्घाटन के पष्चात बीएसपी के कार्यपालक निदेषक (वर्क्स) अंजनी कुमार द्वारा बटन दबाकर प्लास्टिक ग्रैन्यूल्स की चार्जिंग शुरू की। आरडीसीआईएस और कोक ओवन की टीम ने इस प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। इस प्रक्रिया में, उच्च तापमान पर हवा की अनुपस्थिति में, प्लास्टिक के दाने जलते नहीं हैं बल्कि कोयले के कार्बनीकरण के साथ कोकिंग कक्ष में विघटित हो जाते हैं। यह मौजूदा कोक ओवन बैटरी में बड़ी मात्रा में अपशिष्ट प्लास्टिक के पुनर्चक्रण में मदद करता है, जिससे पर्यावरण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है, और बेहतर कोक गुणों का अतिरिक्त लाभ प्राप्त होता है।

यह सुविधा प्रायोगिक तौर पर छोटे स्तर पर शुरू की गई है। प्रयोग के दौरान, बड़े पैमाने पर प्रक्रिया की व्यवहार्यता के लिए पर्यावरणीय मापदंडों और कोक गुणों की निगरानी की जाएगी। उपयोग की गई प्लास्टिक की वस्तुओं से उत्पन्न कचरे का प्रबंधन, विशेष रूप से जिनका पुनर्चक्रण नहीं किया जा सकता है, एक चुनौतीपूर्ण कार्य बन चुका है। प्लास्टिक प्रदूषण की गंभीरता और पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, बीएसपी ने आरडीसीआईएस, कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग, पर्यावरण प्रबंधन विभाग, आरसीएल, टीएसडी, वित्त एवं एमएम की टीम के संयुक्त प्रयासों से कोक ओवन बैटरियों में कोयले के साथ अपशिष्ट प्लास्टिक के दानों के उपयोग का चुनौतीपूर्ण कार्य पूर्ण किया है। इस अवसर पर सीजीएम इंचार्ज तापस दासगुप्ता, सीजीएम इंचार्ज (एम एंड यू) असित साहा, सीजीएम इंचार्ज (सर्विसेज) पी के सरकार, सीजीएम (सीओ एंड सीसीडी और आरईडी) तरुण कनरार, सीजीएम (एसएमएस-3 और आरसीएल) एस के कर, सीजीएम (सामग्री प्रबंधन) तपन कुमार, सीजीएम (इनवायरमेंट मैनेजमेंट), डी एल मोइत्रा, सीजीएम (ब्लास्ट फर्नेस) सौम्य टोकदार और बीएसपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## जब तक जीवन में आशा, तब तक हर काम होंगे पूरेः पं. दीक्षित

### नेहरू नगर में श्री राम कथा का पहला दिन, भरत चरित्र से अवगत कराया भक्तों को

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। प्रभु श्रीराम के अनुग्रह एवं सतगुरु स्वामी शिवानंद की कृपा से शिवानंद योग निकेतन नेहरू नगर द्वारा राम कथा की शुरुआत शनिवार को कृष्णा पब्लिक स्कूल नेहरू नगर के परिसर में भक्तिमय माहौल में हुई। सबसे पहले गुरुदेव पंडित नीलमणि दीक्षित की आरती उतार माल्यार्पण कर प्रवेश द्वार पर आत्मीय स्वागत किया गया।




श्री रामायण की पूजा के उपरांत राम कथा शुरु की गयी। जीपी दुबे दंपति द्वारा पूजन किया गया। आचार्य नीलमणि का केपीएस डायरेक्टर एमएम त्रिपाठी ने स्वागत किया गया।

पहले दिन कथा वाचक पं. नीलमणि दीक्षित ने भरत चरित्र पर संक्षेप में भूमिका उपस्थित भक्तों के समक्ष रखी। उन्होंने कहा कि जब तक आप आशा रखते हों आपके हर काम पूर्ण होते है।

जहां आशा छोड़ी आप अपनी जंग हार जाते हो। पहले दिन से ही रामकथा ने सभी को भाव विभोर कर दिया। इस अवसर पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। आयोजन में आगे 30 दिसंबर तक मध्यान्ह 3 बजे से शाम 6 बजे तक राम कथा जारी रहेगी, जिसमें कथा व्यास पंडित नीलमणि दीक्षित नित्य सत्संग परिवार दमोह मध्य प्रदेश विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से भक्तों के सम्मुख कथा वाचन करेंगे। शिवानंद योग निकेतन भिलाई के गोपाल दुबे ने समस्त राम भक्तों से इस अवसर पर पुण्य लाभ लेने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति का आग्रह किया है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950